रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 488] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 1, 2010/भाद्र 10, 1932
No. 488] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 1, 2010/BHADRA 10, 1932

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 सितम्बर, 2010

सा.का.नि. 722(अ).—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 (2006 का 19) के खंड 61 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस बोर्ड एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाते है अर्थात् :—

1. **लघु शीर्ष और प्रारंभण**

(i) इन विनियमों को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम, 2010 कहा जाएगा ।

(ii) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएं**

(i) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) 'अधिनियम' का अर्थ है पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006;

(ख) 'निर्धारित दिन' का अर्थ है वह तारीख 1 अक्तूबर, 2007 जब केन्द्र सरकार ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित किया था ।

(ग) 'बोर्ड' का अर्थ है अधिनियम के खण्ड 3 के उप-खण्ड (1) के अन्तर्गत स्थापित पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड ।

(घ) 'पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन' का अर्थ है पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन विकास, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करना ;

(ङ) पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का 'आर्थिक जीवनकाल' पच्चीस वर्ष की अवधि के लिए होगा जो निम्नलिखित से प्रारम्भ होगा ।

(i) यदि कोई कंपनी निर्धारित दिवस को या उसके बाद पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण या विस्तार करने का प्रस्ताव करती है तो बोर्ड द्वारा कंपनी को प्राधिकार देने की तारीख;

(ii) यदि किसी कंपनी ने नियम तारीख को या उससे पहले नियत दिन से पहले पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण या विस्तार करने के वास्तविक कार्यकलापों को शुरू करने तारीख तथा कंपनी ने नियत तारीख से पहले केन्द्र सरकार से प्राधिकार लिया हो या इन विनियमों के अंतर्गत बोर्ड से प्राधिकार प्राप्त किया हो।

बशर्ते कि पच्चीस वर्ष की उपर्युक्त अवधि के समाप्त होने पर बोर्ड द्वारा इन विनियमों के अंतर्गत सेवा बाध्यताओं के संतोषजनक अनुपालन के आधार पर और ऐसी निबंधन एवं शर्तों पर, जो उस समय उपयुक्त समझी जाएं, पर दस वर्ष के ब्लॉक के लिए आर्थिक जीवनकाल अवधि को बढ़ाने पर विचार किया जाए।

(च) "पाइपलाइन का विस्तार" का अर्थ है संबंधित विनियमों के अंतर्गत बोर्ड द्वारा निर्धारित अनुसार पाइपलाइन की क्षमता में वृद्धि किए बिना मौजूदा पाइपलाइन या ब्रांच लाइन का किसी अन्य भौगोलिक स्थान से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए किसी भी दिशा में पाइपलाइन की लम्बाई बढ़ाने से है;

(छ) "पाइपलाइन का क्षमता विस्तार" का अर्थ पंपिंग क्षमता, पंपिंग स्टेशन या लूप लाइनों को जोड़ने जैसी अतिरिक्त सुविधाओं की स्थापना के कारण अपनी पहले प्राधिकृत क्षमता के बाद मौजूदा पाइपलाइन की क्षमता बढ़ाना है। पाइपलाइन के विस्तार में मौजूदा पाइपलाइन का किसी भी दिशा में विस्तार करना है जब तक कि इससे पाइपलाइन की क्षमता में विस्तार होता हो और उस स्थिति में इसे पाइपलाइन का क्षमता विस्तार माना जाएगा न कि विस्तार;

(ज) "लाइन संतुलन टैंकों" का अर्थ उन मध्यवर्ती पेट्रोलियम उत्पाद टैंकों से है जिन्हें एक या अधिक कंपनियों की दो या अधिक पाइपलाइनों के किसी समान बिंदु पर पाइपलाइनों को परिवर्तित करने या जोड़ने पर उपलब्ध कराए जाने अपेक्षित होते हैं ताकि उत्पाद के बैच आकार या प्रवाह दरों, या दोनों में संतुलन बनाया जा सके;

(झ) "पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन" का अर्थ पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवर्तन के लिए ब्रांच या स्पर लाइनों सहित किसी पाइपलाइन से है जिसमें सभी संबद्ध ढांचे शामिल हैं, जैसे पंप, मीटर इकाइयां, मूल पर भण्डारण सुविधाएं, सुपुर्दगी, टैप ऑफ प्वाइंट या टर्मिनल स्टेशन तथा इसी तरह सामान्य वाहकों या ठेका वाहकों से जुड़ी पाइपलाइनें, जिनमें आमेलित इंटरफेस के लिए अपेक्षित संतुलित टैंकों और टैंकेज शामिल होते हैं, जो पाइपलाइन प्रणाली के प्रचालन के लिए अनिवार्य होते हैं लेकिन उनमें वे पाइपलाइनें शामिल नहीं हैं जो किसी विशिष्ट ग्राहक

को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए समर्पित होती हैं, जो पुन: बिक्री के लिए नहीं हैं।

बशर्ते कि ट्रांसपोर्टर गैर-विभेदक आधार पर ऐसी संबंधित सुविधाओं को स्वयं, किराए पर, बाहरी स्रोत या मेजबानी आधार पर प्रयोग करे;

(ञ) "पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन प्रशुल्क" का अर्थ पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए किसी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन (सांविधिक कर और शुल्क को छोड़कर) के लिए प्रशुल्क की इकाई दर या पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए प्रति मीट्रिक टन प्रति किलो मीटर (रुपए/मी0टन/कि0मी0) रुपए में तथा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए प्रशुल्क के निर्धारण के उद्देश्य से बोर्ड अधिनियम की धारा 22 के प्रावधानों द्वारा निर्देशित होगा;

(च) "मूल पंप स्टेशन" का अर्थ अपेक्षित फ्लूड दबाव बनाने के लिए पाइपलाइन प्रणाली के शुरू में स्थापित सुविधाओं से है ताकि पाइपलाइन प्रणाली में वांछित प्रवाह दरों को प्राप्त किया जा सके;

(छ) "मध्यवर्ती पंप स्टेशन" का अर्थ प्रारंभिक स्थल और टर्मिनल प्वाइंट के बीच किसी स्थल पर स्थित स्थापना से है ताकि वांछित प्रवाह दर प्राप्त करने के लिए फ्लूड के दबाव को बढ़ाया जा सके;

(ज) "टैप ऑफ प्वाइंट (टीओपी)" का अर्थ पाइपलाइन सुविधा से है जहां से पेट्रोलियम उत्पादों को किसी सुपुर्दगी टर्मिनल या स्पर लाइन या अन्य पाइपलाइन में अपवर्तित किया जाता है और इसे मध्यवर्ती सुपुर्दगी स्टेशन भी कहा जाएगा;

(झ) "टर्मिनल स्टेशन" का अर्थ पाइपलाइन के अंत में उत्पादों को प्राप्त करने की सुविधा से है और इसमें पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के भण्डारण के लिए टैंकेज शामिल होंगे;

(ण) "असफल कंपनी" का अर्थ उस कंपनी से है जो बोली में तो शामिल होती है लेकिन प्राधिकार प्राप्त करने में सफल न हो सकी हो;

(ट) "शिपर" का अर्थ उस कंपनी से है जिसमें वह उपभोक्ता शामिल हो जो पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के पारेषण के लिए पाइपलाइन में क्षमता का उपयोग करना चाहता हो;

(2) इन विनियमों में प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्तियाँ, जिन्हें इन विनियमों में परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन अधिनियम या उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और

IndiaCode

विनियमों में परिभाषित किया गया है, का अर्थ वही होगा जो अधिनियम में उनके लिए दिया गया है।

3. **प्रयोज्यता**

ये विनियम उस कंपनी पर लागू होंगे :

(क) जो एलपीजी और एलएनजी सहित एक या अधिक पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन करने के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार कर रहा है या इन्हें बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने का प्रस्ताव है; या

(ख) जो यह प्रस्ताव करता है या जिसे बोर्ड द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए किसी समर्पित या ठेका वाहक पाइपलाइन को किसी सामान्य या ठेका वाहक पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन जैसी भी स्थिति हो, में परिवर्तित करने का निदेश दिया गया हो,

4. **बोर्ड द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति या *स्व-प्रेरणा* के माध्यम से प्रस्ताव का प्रारंभ**

(1) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने की इच्छुक कोई कंपनी बोर्ड को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (शुल्क और अन्य प्रभारों की वसूली) विनियम, 2007, जिसे बोर्ड द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया गया है, के अंतर्गत निर्दिष्ट आवेदन शुल्क के साथ अनुसूची 'क' पर दिए गए प्रपत्र पर रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करेगी।

(2) बोर्ड किसी मार्ग के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए किसी कंपनी के चयन की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कंपनियों को आमंत्रित करने का कोई प्रस्ताव *स्व-प्रेरणा* के आधार पर प्रारंभ कर सकता है।

5. **अभिव्यक्ति की रुचि मार्ग के लिए कंपनी के चयन हेतु मानदण्ड**

(1) यदि अभिव्यक्ति की रुचि न्यूनतम पात्रता मानदण्ड और उप-विनियम 6 की आवश्यकता सूची को पूरा करती है तो बोर्ड कम से कम एक राष्ट्रीय और एक क्षेत्रीय दैनिक समाचार-पत्र (बेबसाईट में डालने सहित) में खुला विज्ञापन जारी करेगा जिसमें रुचि की अभिव्यक्ति की पावती और तीस दिनों की सार्वजनिक परामर्श अवधि प्रारम्भ की जाएगी;

(2) सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया की अवधि के दौरान, कोई व्यक्ति, प्राधिकारी या कंपनी बोर्ड को रुचि की अभिव्यक्ति पर अपने विचार, यदि कोई हों लिखित में दे सकती है;

(3) बोर्ड उन कंपनियों, जो पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के विकास में रुचि रखती हों, के साथ विभिन्न कंपनियों द्वारा क्षमता बुकिंग के लिए संभावित ठेके प्राप्त करने के लिए

प्राप्त सभी टिप्पणियों को वेब पर डालेगा ताकि विनियम 7 में उल्लिखित अनुसार बोली प्रक्रिया के जरिए बड़े आकार के पेट्रोलियम और उत्पाद पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके

(4) बोर्ड प्राप्त विचारों के आधार पर सार्वजनिक परामर्श अवधि के अंतिम दिन के बाद तीस दिनों की अवधि में यह निर्णय लेगा कि :-

(क) प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की अनुमति न दी जाए यदि वह इस बात से संतुष्ट हो कि प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की बजाय अनुमानित संभावित मांग को मौजूदा पाइपलाइन के विस्तार या अन्य किसी आधार पर विस्तार द्वारा किफायती ढंग से पूरा किया जा सकता हो; या

(ख) प्रस्ताव पर संशोधन सहित या उसके बिना कार्रवाई की जाए;

बशर्ते कि बोर्ड ऐसा निर्णय लेते समय एक या अधिक निम्नलिखित उद्देश्यों द्वारा निर्देशित हो, नामत:

(i) कंपनियों में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना;

(ii) व्यर्थ निवेश करने से बचना;

(iii) देश भर में पेट्रोलियम उत्पादों को बनाए रखना या आपूर्तियां बढ़ाना या एक समान वितरण या पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना;

(iv) उपभोक्ता के हितों को सुरक्षित रखना;

(v) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन ढांचे का शीघ्र विकास करना।

(5) बोर्ड उप-विनियम (4) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के विकास के प्रस्ताव को कम से कम एक राष्ट्रीय समाचार पत्र और एक स्थानीय समाचार पत्र (वेब पर डालने सहित) में विज्ञापन प्रकाशित करेगा और इसके लिए बोलियां आमंत्रित करेगा।

(6) बोर्ड उस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त हुई केवल उन प्रविष्टियों की संवीक्षा करेगा जो निम्नलिखित न्यूनतम पात्रता मानदण्ड पूरा करते हों - अर्थात् :-

(क) कंपनी ने बोर्ड द्वारा यथासंशोधित पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (शुल्क और अन्य प्रभारों की वसूली) विनियम, 2007 के विनियम 3 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार ट्रंक लाइनों के लिए विनिर्दिष्ट अनुसार आवेदन-सह-बोली सहित आवेदन शुल्क अदा किया हो।

IndiaCode

(ख) कंपनी निम्नलिखित पात्रता मानदण्डों के अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने और निर्माण करने में तकनीकी रूप से सक्षम हो अर्थात्:-

(i) कंपनी ने इससे पूर्व संचयी आधार पर स्वयं या विभागीय तौर पर या उसके द्वारा किराए पर लिए गए ठेकेदारों के माध्यम से कम से कम 300 किलोमीटर लम्बी हाइड्रोजन पाइपलाइन या नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाया हो या निर्माण किया हो;

(ii) कंपनी का किसी अन्य कंपनी (उस कंपनी के साथ कम से कम 11% की इक्विटी धारिता हो) के साथ संयुक्त उद्यम हो जिसने पूर्व में संचयी आधार पर या नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क पर कम से कम तीन सौ किलोमीटर लम्बी हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन या सीजीडी नेटवर्क बिछाई हो या निर्माण किया हो।

(iii) कंपनी तकनीकी रूप से सक्षम एक या अधिक फर्मों, जिन्होंने पूर्व में संचयी आधार पर कम से कम तीन सौ किलोमीटर लम्बी हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन या नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाया हो या निर्माण किया हो, के माध्यम से एकमुश्त टर्नकी या परियोजना प्रबंधन परामर्शी आधार पर प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने और निर्माण करने की इच्छुक हो और ऐसी कंपनी ने अपनी तकनीकी क्षमता के उपर्युक्त प्रमाण सहित उन फर्मों की सूची भी संलग्न की होगी।

बशर्ते कि वह कंपनी परियोजना निष्पादन के समय उन फर्मों में से फर्मों का चयन करने के लिए स्वतंत्र होगी और बोर्ड को सूची में शामिल की गई फर्मों के प्रत्यय-पत्रों का सत्यापन करने का और कोई स्पष्टीकरण लेने का अधिकार होगा; या

(iv) कंपनी के पास हाइड्रोकार्बन पाइपलाइनों का निर्माण करने, प्रारंभण-पूर्व और प्रारंभण कार्यों के तकनीकी रूप से अनुभवी पर्याप्त संख्या में कार्मिक हों और एकल आधार पर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को स्वतंत्र रूप से प्रारम्भ करने और निष्पादित करने की क्षमता हो।

स्पष्टीकरण - कंपनी के पास कम से कम तीन तकनीकी रूप से योग्य स्थायी कार्मिक हों जिन्हें निम्नलिखित क्षेत्रों में काम करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो- अर्थात:-

(क) अधिग्रहण और स्वीकृति प्राप्त करने का अधिकार;

(ख) हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन परियोजना का डिजाइन और निष्पादन;

(ग) हाइड्रो-परीक्षण सहित प्रारम्भण-पूर्व कार्य और पुन: प्राप्ति; और

(घ) हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन और स्थापनाओं की सुरक्षा;

(ग) कंपनी निम्नलिखित पात्रता मानदण्डों के अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का प्रचालन और अनुरक्षण करने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम हो, अर्थात:-

(i) कंपनी को स्वयं संचयी आधार पर कम से कम तीन सौ किलोमीटर लम्बे पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का प्रचालन और अनुरक्षण करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो;

(ii) कंपनी को ऐसे किसी अन्य कंपनी के संयुक्त उद्यम में (उस कंपनी में कम से कम 11 प्रतिशत की शेयरधारिता) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का प्रचालन और अनुरक्षण करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो; या

(iii) कंपनी किसी अन्य पार्टी, जिसे पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्रचालन और अनुरक्षण का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो, के साथ न्यूनतम एक वर्ष के उपयुक्त तकनीकी सहायता समझौते के माध्यम से प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का प्रचालन और अनुरक्षण करने की इच्छुक हो; या

(iv) कंपनी के पास पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्रारम्भण और प्रचालन तथा अनुरक्षण (ओ एण्ड एम) में तकनीकी रूप से योग्य कार्मिक हों और उनके पास एकल आधार पर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्रचालन और अनुरक्षण कार्यकलाप स्वतंत्र रूप से करने की विश्वसनीय योजना भी हो।

स्पष्टीकरण -

1. उप-खण्ड (iii) के संबंध में -

(क) कंपनी अपनी आवेदन-सह-बोली में उन प्रस्तावित फर्मों, जिसके साथ मिलकर वह तकनीकी सहायता करार करने की इच्छुक है, के संगत प्रमाण और विश्वसनीय योजनाओं सहित पूरी सूची देगी और कंपनी प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का प्रचालन और अनुरक्षण करने के लिए इस सूची में से किसी एक या एक से अधिक फर्म का चयन कर सकती है और बोर्ड को इस सूची में शामिल फर्मों के प्रत्यय-पत्रों का सत्यापन करने और किसी प्रकार का स्पष्टीकरण लेने का अधिकार है।

IndiaCode

2. उप-खण्ड *(iv)* के संबंध में कंपनी के पास तकनीकी रूप से योग्य न्यूनतम तीन स्थायी कार्मिक हों जिन्हें निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो, अर्थात:-

(क) हाइड्रोकार्बन पाइपलाइनों का प्रारम्भण,

(ख) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों का प्रचालन और अनुरक्षण तथा पेट्रोलियम उत्पाद स्थापनाएं;

(ग) वाणिज्यिक और परिवहन प्रबंधन मुद्दे जिनमें मूल्य-निर्धारण, मापन, लेखाकरण, बिलिंग और संग्रहण शामिल हो; या

(घ) पेट्रोलियम उत्पाद अवसंरचनाओं की सुरक्षा;

(घ) कंपनी प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को निष्पादित करने, प्रचालन करने और उसका अनुरक्षण करने में वित्तीय रूप से सुदृढ़ स्थिति में हो और एकल पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए बोली लगाने हेतु निम्नलिखित वित्तीय मानदण्डों को पूरा करती हो, अर्थात्:-

ब्रांच लाइनों (किलोमीटर में) (#) सहित अनुमानित पाइपलाइन लंबाई की श्रृंखला	प्रवर्तकों के कम्फर्ट पत्र द्वारा समर्थित एकल पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में निवेश के लिए उपलब्ध प्रवर्तकों सहित कंपनी की न्यूनतम संयुक्त निवल सम्पत्ति (*) (अनुमानित पाइपलाइन लंबाई के प्रति किलोमीटर मिलियन रुपए में)
1,001 और अधिक	7.00
251-1000	6.00
250 तक	5.00

(*) संयुक्त निवल सम्पत्ति (साम्या शेयर पूंजी और मुक्त आरक्षित लेकिन पुनर्मूल्यांकित आरक्षित निधि को छोड़कर) में पर्याप्त नकद निधि- हो जो पूरक वित्त के रूप में उपलब्ध हो और कंपनी तथा उसके प्रवर्तकों की नवीनतम वित्तीय स्थिति पर सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित परियोजना में प्रवर्तकों के इक्विटी अंशदान के रूप में हो।

(#) 0.50 किलोमीटर से कम दो दशमलव में लम्बाई के विभाजक की अनदेखी की जाए तथा 0.50 किलोमीटर या अधिक के बराबर को अगले 1 किलोमीटर तक पूर्णांकित किया जाना चाहिए,

(ङ.) कंपनी यदि कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी नहीं है तो सफल बोलीदाता के रूप में घोषित किए जाने पर वह कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनी बन जाएगी;

(च) कंपनी की प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में क्षमता उपयोग की योजना है;

(छ) कंपनी नीचे दर्शाई गई लागू श्रेणी के अनुसार प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों की लाइन के अनुसार निर्धारित राशि को उप-विनियक (7) के अंतर्गत आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत करने सहित बैंक गारंटी के रूप में एक बोली बांड प्रस्तुत करेगी :-

ब्रांच लाइनों सहित पाइपलाइन की लंबाई (किलोमीटर में) (#)	**बोली ब्रांड की राशि (मिलियन रुपए में)**
1,001 के बराबर या अधिक	150
251 और 1000 के बीच	80
250 से कम या उसके बराबर	20

(#) 0.50 किलोमीटर से कम दो दशमलव में लम्बाई के विभाजक की अनदेखी की जाए तथा 0.50 किलोमीटर या अधिक के बराबर को अगले 1 किलोमीटर तक पूर्णांकित किया जाना चाहिए,

(ज) बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी पर अधिनियम के अध्याय IX के अन्तर्गत कोई दण्ड या धारा 28 के अन्तर्गत कोई शास्ति नहीं लगाई गई हो।

(झ) कंपनी निम्नलिखित आधार पर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों में अतिरिक्त क्षमता निर्माण के लिए सहमत हो, अर्थात् :-

(ञ) कंपनी निम्नलिखित आधार के अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में अतिरिक्त क्षमता बनाने के लिए सहमत है:-

(i) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की क्षमता निम्नलिखित का पूर्णयोग होगी, नामत:-

(क) कंपनी की क्षमता आवश्यकताएं;

(ख) अन्य कंपनियों के साथ सुनिश्चित ठेकागत क्षमता; और

(ग) अतिरिक्त क्षमता के रूप में (क) और (ख) के योग का कम-से-कम पच्चीस प्रतिशत।

स्पष्टीकरण -

बोर्ड द्वारा क्षमता को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की क्षमता निर्धारित करने के लिए संगत विनियमों को विनिर्दिष्ट आधार के अनुसार अनुमोदित किया जाएगा।

(ii) उप-खण्ड (i) की मद (ग) में उल्लिखित क्षमता किसी तृतीय पक्षकार द्वारा खुली पहुंच और गैर-विभेदक आधार पर सामान्य वाहक के रूप में उपयोग के लिए उपलब्ध होगी;

(ञ) यदि बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी खण्ड (क) से (ञ) तक में दिए गए मानदण्ड की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है तो उसके द्वारा प्रस्तुत की गई बोली को अस्वीकृत कर दिया जाएगा और उसे इस आशय की सूचना दी जाएगी और उस कंपनी की वित्तीय बोली नहीं खोली जाएगी।

(ट) बोली बांड -

(i) का नकदीकरण कराया जाएगा, यदि बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी, बोली छोड़कर चली जाती है।

(ii) बोली प्रस्तुत करने वाली असफल रही कंपनी के मामले में बोली बांड निर्मुक्त कर दिया जाएगा।

(iii) सफल बोलीदाता द्वारा प्राधिकार के समय निर्धारित निष्पादन बांड प्रस्तुत किए जाने तक बोली बांड को रोक लिया जाएगा।

(7) आवेदन-सह-बोली अनुसूची 'ग' में निर्दिष्ट प्रपत्र पर दो भागों में अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में प्रस्तुत की जाएंगी जिस पर स्पष्ट रूप से यह लिखा होना चाहिए:-

(क) भाग-I (तकनीकी बोली) जिसमें उप-विनियम (6) के अन्तर्गत (न्यूनतम पात्रता मानदण्ड सहित) कंपनी का सामान्य विवरण और परियोजना का तकनीकी ब्यौरा शामिल है।

(ख) भाग-II (वित्तीय बोली) विनियम-10 के अन्तर्गत आने वाले वित्तीय ब्यौरे।

(8) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और विस्तार करने के लिए प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत करने के लिए एक सौ बीस दिनों का समय देना और अधिसूचित तारीख के बाद प्राप्त होने वाले किसी आवेदन-सह-बोली पर विचार नहीं किया जाएगा। तथापि, बोर्ड बोली प्रस्तुत करने की तारीख को जैसा उचित समझे, बढ़ा सकता है।

(9) बोर्ड विज्ञापन के जरिए बोली प्रस्तुत करने की तारीख को एक माह तक की अवधि के लिए उप-विनियम (5) के अन्तर्गत दिए हुए तरीके से मूल विज्ञापन के प्रत्युत्तर में केवल एक ही आवेदन-सह-बोली प्राप्त होने में अवधि बढ़ाने की तरह ही बढ़ा सकता है।

IndiaCode

6. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने या विस्तार करने के लिए बोर्ड द्वारा आमंत्रण

बोर्ड रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) की प्रस्तुति या चयन की प्रक्रिया में भागीदारी द्वारा, खुले विज्ञापन द्वारा किसी विशिष्ट क्षेत्र, प्रांत या मार्ग में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के विकास के संबंध में दृष्टिकोण बनाकर रुचि रखने वाली पार्टियों को स्वयं आमंत्रित कर सकता है, और ऐसे मामले में विनियम 5 में विनिर्दिष्ट अनुसर प्रक्रिया लागू होगी।

7. बोली मानदण्ड

(1) बोर्ड प्राधिकार के प्रस्तावों पर विचार करते समय नीचे दिए गए बोली मानदण्डों के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदण्ड पूरा करने वाली सभी वित्तीय बोलियों की सूची तैयार करेगा और उनकी तुलना करेगा-

(क) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए इस खण्ड के अंतर्गत निर्धारित इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली तथा बोली के प्रयोजनार्थ पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क (रुपए/मी0टन) के मौजूदा मूल्य में कमी पाइपलाइन के प्रचालन के प्रारम्भ होने की तारीख से दस वर्ष की अवधि के लिए होगी। बोर्ड दस वर्ष के बाद प्रशुल्क की समीक्षा करेगा और तत्पश्चात् संभावित आधार पर पांच वर्ष के ब्लॉक के लिए निर्धारित करेगा।

प्रशुल्क की बोली प्रत्येक दस वर्ष के लिए लगाई जाएगी।

इसे पचास प्रतिशत की तरजीह दी जाएगी।

(ख) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए इस खण्ड के अंतर्गत परिवर्तन इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली तथा बोली के प्रयोजनार्थ पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क (रुपए/मी0टन/कि.मी.) के मौजूदा मूल्य में कमी पाइपलाइन के प्रचालन के प्रारम्भ होने की तारीख से दस वर्ष की अवधि के लिए होगी। बोर्ड दस वर्ष के बाद प्रशुल्क की समीक्षा करेगा और तत्पश्चात् संभावित आधार पर पांच वर्ष के ब्लॉक के लिए निर्धारित करेगा।

प्रशुल्क की बोली प्रत्येक दस वर्ष के लिए लगाई जाएगी।

इसे बीस प्रतिशत की तरजीह दी जाएगी।

(ग) परियोजना की आर्थिक आय की तुलना में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद के परिवहन के लिए सृजित किए जाने वाली प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन क्षमता (एमएमटीपीए) के मौजूदा मूल्य की अधिकता। पाइपलाइन में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए पेट्रोलियम

IndiaCode

और पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन करने के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन क्षमता बोली पच्चीस वर्ष की अवधि के लिए होगी। मौजूदा मूल्य की गणना ऐसे चरण-वार, वर्ष-वार क्षमता निर्माण के लिए की जाएगी।

इसे तीस प्रतिशत तरजीह दी जाएगी।

(2) उप-विनियम (1) के (क) से (ग) खण्डों के मानदण्ड में मौजूदा मूल्य की गणना कंपनी द्वारा बारह प्रतिशत के बराबर छूट दर का प्रयोग करके की जाएगी। पहले वर्ष के अंत में सभी उपचित सामग्रियों या प्रशुल्क, अर्थात् प्रथम वर्ष के प्रशुल्क या क्षमता पर छूट नहीं दी जाएगी। दूसरे शब्दों में पहले वर्ष के छूट कारक को एकता के रूप में लिया जाएगा।

(3) उप-विनियम के खण्ड (क) से (ख) के अंतर्गत पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क के लिए बोली तथा कंपनी द्वारा उप-विनियम (1) के खण्ड (ग) के अंतर्गत मात्रा परियोजना की अनुमोदित डीएफआर में कंपनी द्वारा लगाए गए अनुमानों के अनुरूप होगी।

(4) उप-विनियम (1) के खण्ड (क) से (ग) के अंतर्गत तथा अनुसूची ग में उल्लिखित अनुसर मानदण्ड पर विचार करते हुए अधिकतम मिश्रित अंक वाली कंपनी को बोली में सफल घोषित किया जाएगा।

8. निष्पादन बांड

(1) अधिनियम की धारा 17 की उप-धारा (1) तथा धारा 19 के अंतर्गत बोर्ड द्वारा प्राधिकरण प्रदान करने के परंतुक में उल्लिखित अनुसार केन्द्र सरकार के प्राधिकार की स्वीकृति कंपनी को उसके द्वारा कार्यान्वयनाधीन परियोजनाओं के लिए अनुमानित परियोजना लागत के 1% या पूरी की गई परियोजनाओं के लिए परियोजना पूंजीकृत लागत का 1% के बराबर राशि, जो लगभग लाख रुपए या बीस करोड़ रुपए, जो भी कम हो, तक पूर्णांकित का निष्पादन बांड प्रस्तुत करने पर जारी की जाएगी और यह विनियम 4, 17, 18 या 19 के अंतर्गत प्राधिकृत सभी पाइपलाइनों पर लागू होंगे।

बशर्ते कि यदि पाइपलाइन क्षमता का उसकी प्राधिकृत क्षमता के पचास प्रतिशत से अधिक तक विस्तार किया जाता है तो निष्पादन ब्रांड को वृद्धि के अनुपात में बढ़ाया जाएगा और निकटतम लाख रुपए तक पूर्णांकित किया जाएगा बशर्ते कि अधिकतम कुल सीमा तीस करोड़ रुपए हो।

स्पष्टीकरण - विनियम 10 के अनुसार वित्तीय समापन पूरा होने पर यदि अनुमानित परियोजना लागत में परिवर्तन होता है तो निष्पादन बांड की राशि को उपर्युक्त आधार पर आवेदन करके संशोधित किया जाएगा और तत्पश्चात यह परियोजना पूंजीगत लागत पर आधारित होगा। जब कभी पाइपलाइन प्रणाली का क्षमता विस्तार या विस्तार होगा, संशोधित परियोजना पूंजीकृत लागत की गणना की जाएगी। निष्पादन बांड प्रारम्भ में तीन या पांच वर्ष तक के लिए वैध होंगे और उन्हें कंपनी द्वारा उचित तारीख से कम-से-कम एक माह पूर्व

IndiaCode

परियोजना के आर्थिक जीवनकाल के अंत तक तीन या पांच वर्ष के अगले ब्लॉक के लिए कंपनी द्वारा नवीकृत किया जाएगा।

(2) उप-विनियम (3) में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन समय पर प्रारम्भ करने और परियोजना के प्रचालन चरण के दौरान कम्पनी द्वारा सेवा बाध्यताओं को पूरा करने, जैसी भी स्थिति हो, के लिए गारंटी देने हेतु निष्पादन बांड निर्धारित किए गए हैं, जैसी स्थिति हो। निष्पादन बांड को बोर्ड द्वारा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत विनियम 14(1) के अंतर्गत निर्धारित अनुसार उसी ढंग से सभी पाइपलाइनों के लिए भुनाया जाएगा

(3) कंपनी को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना की स्थापना के लिए प्राधिकार की मंजूरी की तारीख से छत्तीस महीने की अधिकतम अवधि के लिए अनुमति दी जाएगी। तथापि, यदि बोर्ड का यह मत हो कि विलम्ब के कारण परियोजना कार्यान्वित करने वाली कंपनी के नियंत्रण से बाहर थे, तो बोर्ड सुनवाई के बाद कंपनी को उचित समय देने पर उपयुक्त दृष्टिकोण अपना सकता है, और परियोजना को चालू करने के लिए कुछ विस्तार अवधि, जैसी वह उपयुक्त समझे, प्रदान कर सकता है।

9. प्राधिकार देना

(1) आशय-पत्र (एलओआई) वित्तीय बोली के खुलने की अंतिम तारीख से तीस दिनों की अवधि के अंदर चयनित कंपनी को जारी की जाएगी।

(2) निष्पादन बांड प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से तीस दिनों की अवधि के अन्दर अनुसूची-घ में दिए गए प्रपत्र पर चुनी गई कंपनी को प्राधिकार दिया जाएगा।

(3) कंपनी विनियम 10 के अनुसार एक ठोस पेट्रोलियम उत्पाद समझौता करेगी और वित्तीय समापन प्राप्त करेगी।

(4) कम्पनी को प्राधिकार देना इसे जारी करने की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के दौरान किसी कंपनी को बिक्री, सौंपने, अंतरित करने या अभ्यर्थित करने के जरिए परित्याग करके नहीं दिया जाएगा। तथापि, कोई कंपनी जब तक वह प्रमुख भागीदार बना रहता है, नए भागीदार को शामिल कर सकती है।

(5) तीन वर्षों की अवधि की समाप्ति के पश्चात किसी अन्य कंपनी के पक्ष में प्राधिकार का परित्याग करने की इच्छुक कम्पनी कम से कम तीस दिन पहले बोर्ड को एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी ओर बोर्ड द्वारा मांगी गई समस्त जानकारी उपलब्ध कराएगी।

(6) बोर्ड इस बात से स्वयं संतुष्ट होने के पश्चात कि पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने या विस्तार करने के मौजूदा या प्रस्तावित कार्यकलापों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा उस पूरे प्रस्ताव को या उचित

IndiaCode

समझे जाने वाले संशोधनों के साथ स्वीकार करेगा और उस मामले में जहां कम्पनी को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने या विस्तार करने के कार्यकलाप प्रारम्भ करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमति दी गई है, वह कम्पनी सेवा बाध्यताओं का अनुपालन करने और सेवा मानकों की गुणवत्ता का अनुसरण करने सहित प्राधिकार की मौजूदा या संशोधित निबंधन और शर्तों का पालन करेगी।

परन्तु यह कि बोर्ड को जनहित में प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार होगा और ऐसे मामले में बोर्ड अस्वीकार करने के कारण लिखित रूप में देगा।

10. **क्षमता बुकिंग, पेट्रोलियम उत्पाद अनुबंध और वित्तीय समापन**

(1) प्राधिकृत कंपनी सामान्य वाहक क्षमता के अलावा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को चालू करने के बाद प्रत्येक पहले पांच वर्षों के लिए विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ग) में विचार की गई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के कम-से-कम पचास प्रतिशत के बराबर किसी कंपनी के साथ पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए समझौता कर सकती है।

(2) उप-विनियम (1) के अंतर्गत उल्लिखित समझौते को पारदर्शी ढंग से लागू किया जाएगा और यह थोड़ी दूरी के सिद्धांत पर आधारित होगा :

बशर्ते कि यह उप-विनियम (1) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में थ्रूपुट क्षमता का दस प्रतिशत हो, को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों की वास्तविक सुपुर्दगी पर बल दिए बिना दृढ़ और परस्पर सहमत शर्तों पर बुक किया जाए।

(3) कंपनी बोर्ड को प्राधिकार जारी करने के एक सौ अस्सी दिन की अवधि उप-विनियम (1) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट समझौते [समझौता शीर्ष (एचओए)। समझौता-ज्ञापन (एमओयू)] की प्रति प्रस्तुत करेगी।

(4) प्राधिकृत कंपनी प्राधिकरण की तारीख से एक सौ अस्सी दिनों की अवधि के अंदर बैंक या वित्तीय संस्थान से परियोजना की वित्तीय समाप्ति प्राप्त करेगी।

(5) आंतरिक वित्त-पोषित परियोजना के मामले में कंपनी, प्राधिकरण के एक सौ बीस दिनों के अंदर परियोजना की विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (आगे से डीएफआर के रूप में उल्लेख किया जाएगा) तथा अपनी वित्तीय योजना के संबंध में अपने निदेशक मंडल का अनुमोदन प्रस्तुत करेगी :

बशर्ते कि बोर्ड, कंपनी को वित्तीय समाप्ति पर अन्य कोई ब्यौरा या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कहे।

IndiaCode

(6) यदि कंपनी उप विनियम (1) से (5) तक की आवश्यकताओं को पूरा करने में असफल रहती है तो कंपनी को प्रदत्त पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने का प्राधिकार रद्द कर दिया जाएगा और निष्पादन बंधपत्र को भुना लिया जाएगा तथा बोर्ड को पारदर्शी ढंग से पुन: प्राधिकार देने का अधिकार होगा, और कंपनी को इसके लिए बोर्ड से कोई मुआवजा प्राप्त करने या समाधान करने का कोई अधिकार, जो कोई भी हो, नहीं होगा।

11. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क का निर्धारण और रिकवरी

(1) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क को विनियम 7 के उप-विनियम (1) के मानदण्ड (क) से (ख) के अंतर्गत कंपनी द्वारा बोली के अनुसार प्रवेश/निकास बिंदु आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

(2) उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट आधार पर विभिन्न टीओपी के लिए निर्धारित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क को कंपनी द्वारा तदनुसार विभिन्न प्रशुल्क क्षेत्र में स्थित ग्राहकों से वसूला जाएगा।

(3) लागू पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन पाइपलाइन प्रशुल्क को बिना किसी प्रीमियम के गैर-विभेदक आधार पर बीजक के जरिए वसूल किया जाएगा। इस प्रकार पाइपलाइन के लिए लगाई गई बोली का प्रशुल्क अधिकतम सीमा प्रशुल्क होगा। कंपनी गैर-विभेदक आधार पर प्रशुल्क बोली से कम का प्रभार लेने के लिए स्वतंत्र होगी।

(4) प्राधिकृत कंपनी से मौजूदा ग्राहकों के साथ हुए करार उल्लिखित अनुसार सुपुर्दगी योग्य दबाव आवश्यकता में सुधार किए बिना अपनी विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (आगे से डीएफआर के रूप में उल्लेख किया जाएगा) के अनुसार तथा सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानक, विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों के अनुसार हर समय पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में प्रचालन दबाव या प्रवाह को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।

बशर्ते कि प्राधिकृत कंपनी अतिरिक्त पंपिंग प्रभार का अलग से प्रभार लेगी जो ऐसे ग्राहक, जिसे अनुबंध में परिभाषित अनुसार तथा डीएफआर में परिकल्पित अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की प्रचालन दबाव रूपरेखा के बाद किसी विशिष्ट सुपुर्दगी योग्य दबाव पर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की जानी है उप-विनियम (1) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में शामिल नहीं होगा।

12. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में क्षमता का विस्तार

कंपनी दस प्रतिशत अतिरिक्त मात्रा का परिवहन कर सकती है या पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में दस प्रतिशत तक प्राधिकृत क्षमता का विस्तार कर सकती है, और बोर्ड को तत्काल उसका निर्णय सूचित कर सकती है:

बशर्ते कि पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क विस्तार के बाद कोइ वृद्धि न हो।

(2) **यदि पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की क्षमता का बोर्ड द्वारा प्राधिकृत क्षमता की तुलना में दस प्रतिशत से अधिक क्षमता का विस्तार किए जाने का प्रस्ताव हो,** तो कंपनी बोर्ड **के समक्ष एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी और बोर्ड पेट्रोलियम और पेट्रोलियम** उत्पाद पाइपलाइन में **क्षमता विस्तार की अनुमति दे सकता है बशर्ते कि कंपनी विस्तार से** पूर्व लागू इकाई **पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन तथा परिवहन की जाने वाली** वृद्धि मात्रा के **आधार पर परिकल्पित प्रस्तावित वृद्धि शुल्क राजस्व के पचास प्रतिशत शेयरिंग द्वारा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क इकाई में कमी करने के लिए सहमत हो।**

स्पष्टीकरण: **प्रस्तावित वृद्धि शुल्क राजस्व के पचास प्रतिशत शेयरिंग का** उपयुक्त प्रावधान दस वर्ष की बोली अवधि के लिए लागू होगा।

बशर्ते कि बोर्ड दस वर्ष की अवधि के बाद प्रशुल्क की समीक्षा करेगा और तत्पश्चात् संभावित आधार पर पांच वर्ष का ब्लॉक निर्धारित करेगा। बोली की अवधि के बाद किसी विस्तार के लिए संगत विनियमों के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड को प्राधिकरण के लिए प्रस्तुत की जाएगी।

13. प्राधिकरण-उपरांत कार्यकलापों की निगरानी (स्थापना-पूर्व)

(1) प्राधिकृत कंपनी तिमाही आधार पर प्राप्त अनुमोदनों, प्राप्त लक्ष्यों, किए गए व्यय, चल रहे कार्यों तथा अन्य संगत सूचना से संबंधित प्रगति रिपोर्ट का ब्यौरा अनुसूची-ड. पर दिए गए प्रपत्र में भरकर उपलब्ध कराएगी।

(2) बोर्ड प्रत्यक्ष रूप से या अनुमोदित तृतीय पक्ष एजेंसी के जरिए कंपनी से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की सुरक्षित स्थापना और प्रचालन और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए स्थापना-पूर्व चरण के दौरान तथा उसके बाद वर्तमान आधार पर तकनीकी और सुरक्षा लेखा-परीक्षा के जरिए सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

(3) बोर्ड पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के मार्ग में परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि ऐसे मार्ग परिवर्तन से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की लम्बाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की प्राधिकृत लम्बाई के दस प्रतिशत से अधिक न हो;

बशर्ते कि पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क प्राधिकरण के अनुसार समान हो।

(4) बोर्ड पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना के संबंध में विभिन्न लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कंपनी की प्रगति की निगरानी करेगा, और कोई अपवर्तन या कमी पाए जाने पर कंपनी को उसकी उपचारात्मक कार्रवाई की सलाह देगा।

14. प्राधिकृत कंपनी की सेवा बाध्यताएं (स्थापना-उपरांत)

(1) कंपनी बोली में उदधृत पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों की मात्रा के बराबर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन करने के लिए वार्षिक लक्ष्य को पूरा करेगी और इस संबंध में तिमाही आधार पर वास्तविक प्रगति की निगरानी करेगी:

बशर्ते कि कंपनी द्वारा वार्षिक लक्ष्य को पूरा न करने पर चूक मानी जाएगी और निष्पादन बांड को निम्नलिखित आधार पर भुना लिया जाएगा, नामत: -

(क) पहली बार चूक होने पर :

क. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के वार्षिक लक्ष्य के दस प्रतिशत तक की चूक के लिए निष्पादन बांड की राशि का दस प्रतिशत;

ख. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के वार्षिक लक्ष्य के दस प्रतिशत से अधिक पचास प्रतिशत तक की चूक के लिए निष्पादन बांड की राशि का बीस प्रतिशत;

ग. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के वार्षिक लक्ष्य के पचास प्रतिशत से अधिक तक की चूक के लिए निष्पादन बांड की राशि का पच्चीस प्रतिशत;

(ख) दूसरी बार चूक होने पर :

क. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के वार्षिक लक्ष्य के दस प्रतिशत तक की चूक के लिए निष्पादन बांड की राशि का बीस प्रतिशत;

ख. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के वार्षिक लक्ष्य के दस प्रतिशत से अधिक पचास प्रतिशत तक की चूक के लिए निष्पादन बांड की राशि का चालीस प्रतिशत;

ग. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के वार्षिक लक्ष्य के पचास प्रतिशत से अधिक तक की चूक के लिए निष्पादन बांड की राशि का पचास प्रतिशत;

(ग) तीसरी बार चूक होने पर निष्पादन बांड की राशि का शत प्रतिशत:

बशर्ते आगे यह कि कंपनी राशि भुनाए जाने के सप्ताह के अंदर खण्ड (क) से (ग) में प्रत्येक मामले में निष्पादन बांड की भुनाई गई राशि की पूर्ति करेगा और यदि यह आवश्यकता पूरी नहीं की जाती है तो प्राधिकरण रद्द कर दिया जाएगा।

(2) प्राधिकृत कंपनी स्वयं या अपनी सहायक कंपनियों से किसी शिपर, जो पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवर्तित करने का इच्छुक हो, से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के स्रोत के लिए कोई शर्त नहीं लगाएगा।

(3) प्राधिकृत कंपनी पाइपलाइन क्षमता के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सामान्य वाहक या ठेका वाहक आधार पर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में उपलब्ध क्षमता का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा तथा इस संबंध में सूचना को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों के लिए पहुंच संहिता पर संगत विनियमों में विनिर्दिष्ट अनुसार अपनी सरकारी वेबसाइट पर डालेगा।

(4) सामान्य वाहक के रूप में प्रयोग के लिए पहुंच संहिता पर संगत विनियमों में विनिर्दिष्ट आधार पर आबंटित की जाएगी तथा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में उपलब्ध क्षमता संविदा वाहक या सामान्य वाहक के रूप में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की घोषणा की जाएगी।

(5) प्राधिकृत कंपनी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्रचालन चरण सहित आवेदन-सह-बोली को प्रस्तुत करने और उसके बाद से ही संबंद्ध आचार-संहिता के लिए संगत विनियमों के अंतर्गत प्रावधानों का सख्ती से पालन करेगी।

(6) प्राधिकृत कंपनी जब कभी बोर्ड द्वारा निर्णय लिया जाए, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन से परिवहन होने वाले पेट्रोलियम उत्पादों के वितरण या विपणन के कार्यकलापों से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवहन के कार्यकलाप को बनाए रखने की आवश्यकता का पालन करेगी।

(7) प्राधिकृत कंपनी स्थापना-पूर्व चरण के दौरान चालू आधार पर बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट या निर्देशित अंतराल पर स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी और सुरक्षा लेखा-परीक्षा कराने के लिए जिम्मेदार होगी और तत्पश्चात् सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों के साथ अनुपालन सुनिश्चित करेगी और लेखा-परीक्षा रिपोर्ट तथा निष्कर्षों को कंपनी द्वारा बोर्ड को उसकी समीक्षा और उपचारी कार्रवाई, यदि कोई हो, की सलाह के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

(8) तृतीय पक्षकार तकनीकी और सुरक्षा लेखा-परीक्षा संगत विनियमों के अनुपालन में अनुमोदित पैनल या बोर्ड में पंजीकृत स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों या प्रोद्भवन एजेंसियों द्वारा कराया जाएगा।

15. सेवा मानकों की गुणवत्ता

(1) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने वाली कंपनी को अनुसूची च में विनिर्दिष्ट अनुसार सेवा मानकों की गुणवत्ता का अनुपालन अवश्य करना चाहिए।

(2) सेवा मानकों की गुणवत्ता का अनुपालन करने में कंपनी के कार्य-निष्पादन का बोर्ड द्वारा समय-समय पर आकलन किया जाएगा तथा इनकी न्यूनतम निर्धारित बैंचमार्क से तुलना की जाएगी तथा कार्य-निष्पादन का स्तर न्यूनतम निर्धारित बैंचमार्क से कम पाए जाने पर विनियम 16 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।

16. चूक के परिणाम और प्राधिकार प्रक्रिया का रद्द किया जाना

प्राधिकृत कंपनी इन विनियमों में विनिर्दिष्ट सभी निबंधन और शर्तों का पालन करेगा और इसमें विनियम 14 के उप-विनियम (1) के अंतर्गत सेवा बाध्यता की चूक और प्रतिकूल परिस्थितियों को छोड़कर ऐसा करने में असफल रहने पर निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी, अर्थात्:-

(क) बोर्ड दोषी कंपनी को विनियमों के अंतर्गत उसकी बाध्यताओं को पूरा करने के लिए उसे उपयुक्त समय देते हुए एक नोटिस जारी करेगा;

(ख) यदि कंपनी द्वारा बोर्ड को संतुष्ट करते हुए निर्धारित अवधि में सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है तो आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।;

(ग) सुधारात्मक कार्रवाई करने में असफल रहने पर बोर्ड निम्नलिखित आधार पर कंपनी के कार्य-निष्पादन बंधपत्र को भुना सकता है, अर्थात्:-

(i) पहली चूक होने पर कार्य-निष्पादन बंधपत्र की राशि में पच्चीस प्रतिशत की कटौती; और

(ii) दूसरी चूक होने पर कार्य-निष्पादन बंधपत्र की राशि में पचास प्रतिशत की कटौती:

बशर्ते कि कंपनी राशि के भुनाए जाने के एक सप्ताह के अंदर उप-खण्ड *(i)* और *(ii)* के प्रत्येक मामले में कार्य-निष्पादन बंधपत्र की पूर्ति कर देगी, ऐसा न करने पर कार्य-निष्पादन बंधपत्र की बकाया राशि को भी भुना लिया जाएगा और कंपनी का प्राधिकार रद्द कर दिया जाएगा।

(iii) तीसरी बार चूक होने पर कार्य-निष्पादन की एक सौ प्रतिशत राशि भुना ली जाएगी तथा कंपनी का प्राधिकार रद्द कर दिया जाएगा;

(घ) किसी प्राधिकार को रद्द करने को लागू करने की प्रक्रिया अनुसूची-छ में उपलब्ध कराए गए अनुसार होगी;

(ङ.) बोर्ड बिना किसी पूर्वाग्रह के खण्ड *(क)* से *(घ)* में विनिर्दिष्ट अनुसार अधिनियम के अध्याय IX के अंतर्गत अपराध और दण्ड के लिए निर्धारित अनुसार कार्रवाई करने के अलावा अधिनियम की धारा 28 के अनुसार सिविल दण्ड भी लगा सकता है।

17. **निर्धारित तारीख से पूर्व पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्राधिकृत कंपनियां।**

(1) कंपनी अनुसूची ज में दर्शाए गए फार्म में सहायक दस्तावेजों सहित संगत सूचना प्रस्तुत करेगा।

(2) कंपनी संबंधित विनियम के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार सुरक्षा मानकों और सेवा मानकों की गुणवत्ता सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों का पालन करेगी।

(3) बोर्ड पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण या विस्तार करने के कार्यकलापों में कंपनी द्वारा की स्थापना की अवधि के संदर्भ में की गई वास्तविक प्रगति, परियोजना के डीएफआर में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों, और अधिक समय या लागत लगने से बचने को देखते हुए प्राधिकरण की निबंधन एवं शर्तों, जो पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन शुल्क पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं, की तिमाही आधार पर निगरानी करेगा;

बशर्ते कि पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की स्थापना में किसी विलंब या प्राधिकरण में विनिर्दिष्ट लक्ष्य के बाद किसी लक्ष्य को पूरा करने में हुए किसी विलंब के मामले में बोर्ड को निम्नलिखित कार्रवाई करने का अधिकार होगा -

(क) खण्ड (5) में विनिर्दिष्ट अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क को निर्धारित करते समय अधिक समय लगने के कारण अतिरिक्त लागत पर विचार न करे; या

(ख) निष्पादन या बैंक गारंटी, यदि कोई हो, को भुना ले और केन्द्र सरकार को प्राधिकार रद्द करने के लिए सलाह दे।

(4) बोर्ड कंपनी द्वारा लिए जाने वाले पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क के निर्धारण पर संगत विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार पद्धति के आधार पर अनुमोदन देगा।

(5) कंपनी के कार्यकलाप अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लागू अनुसार ऐसे अन्य विनियमों के अध्यधीन होंगे।

18. निर्धारित तारीख से पूर्व पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अप्राधिकृत कंपनियां।

(1) **निर्धारित तारीख से पूर्व किसी भी समय पेट्रोलियम और पेट्रोलियम** उत्पाद पाइपलाइन **नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने वाली कंपनी, जिसे केन्द्र** सरकार द्वारा **विधिवत प्राधिकृत न किया गया हो, अनुसूची-झ में दिए गए फार्म में प्राधिकार प्राप्त करने के लिए तत्काल आवेदन कर सकता है।**

(2) **बोर्ड प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदनपत्रों पर विचार करते समय निम्नलिखित मानदण्डों पर विचार करेगा, अर्थात्:-**

(क) कंपनी निर्धारित तारीख से पूर्व विनियम 5 के उप-विनियम 6 के खण्ड (क) से (ड.) **और (झ) में विनिर्दिष्ट अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदण्ड पूरा करती हो तथा उसके** पास सभी आवश्यक सांविधिक ..नुमोदन, अनुमतियां, केन्द्र और राज्य सरकारों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र तथा अन्य सांविधिक प्राधिकार हों;

(ख) कोई कंपनी, जो प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है, तो वह कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है तो उसे कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत एक पंजीकृत कंपनी बनना होगा:

बशर्ते कि बोर्ड किसी कंपनी को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकरण कराने की उन शर्तों, जिन्हें वह उपयुक्त समझता हो, से छूट दे सकता है;

(ग) परियोजना का वित्त-पोषण करने वाले वित्तीय संस्थान द्वारा मूल्यांकित कंपनी के डीएफआर की तुलना में निर्धारित तारीख से तत्काल पूर्व की गई वास्तविक भौतिक प्रगति तथा वित्तीय वचनबद्धता का संतोषजनक आकलन करना। यदि परियोजना का किसी वित्तीय संस्थान द्वारा वित्त-पोषित नहीं किया गया है तो बोर्ड डीएफआर का मूल्यांकन कर सकता है। किसी कंपनी की डीएफआर में प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की लंबाई, मार्ग और क्षमता को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए;

(घ) की गई वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उसमें अंतर्निहित खण्ड (ग) में उल्लिखित वित्तीय वचनबद्धता के संबंध में निर्धारित तारीख से तत्काल पूर्व डीएफआर के अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना के लिए चयनित भौतिक प्रगति की कम से कम पच्चीस प्रतिशत तथा पूंजीगत व्यय की कम से कम पच्चीस प्रतिशत वित्तीय वचनबद्धता को पर्याप्त माना जा सकता है;

(ड.) बोर्ड को वास्तविक भौतिक प्रगति कराने और प्रमाणित वित्तीय वचनबद्धता प्राप्त करने का अधिकार होगा तथा प्राप्त प्रगति के आधार पर बोर्ड कंपनी को पेट्रोलियम

और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए प्राधिकार देने पर विचार कर सकता है -

i) अपने डीएफआर में विनिर्दिष्ट मार्ग और लम्बाई के अनुसार;

ii) नियत तारीख तक कार्यान्वयन के अंतर्गत वास्तव में शामिल मार्ग और लम्बाई के अनुसार; अथवा

iii) बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट मार्ग और लम्बाई के अनुसार;

(च) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार के संबंध में कंपनी को लागू तकनीकी मानकों, विशिष्टियों और सुरक्षा मानकों जिनमें सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानक और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों में विनिर्दिष्ट अनुसार तकनीकी मानक, विशिष्टयां और सुरक्षा मानकों को पूरा करने की उनकी योग्यता के बारे में बोर्ड को संतुष्ट कराना होगा;

(छ) किसी वित्तीय संस्थान द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना का विकास करने संबंधी वित्तीय वचनबद्धता को समय पर और पर्याप्त रूप से पूरा करने के लिए किसी कंपनी की वित्तीय स्थिति;

(ज) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में क्षमता की बुकिंग कंपनी की निजी क्षमता आवश्यकताओं तथा सुदृढ़ ठेकागत क्षमता के योग के कम से कम पचास प्रतिशत के बराबर होनी चाहिए और इस संबंध में करार किए जाने चाहिए जो आसान पहुंच के सिद्धांत के आधार पर होने चाहिए।

(झ) कंपनी बोर्ड को खण्ड (ज) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट ठोस ठेकागत क्षमता के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन या आपूर्ति करने के लिए करार की प्रतियां प्रस्तुत करेगा; और

(ञ) आवेदन की जांच करने पर बोर्ड द्वारा संगत समझा गया अन्य कोई मानदण्ड।

(3) मानदण्ड की मिश्रित प्रकृति और अंतर-संपर्कों पर समग्र रूप से विचार करते हुए उप-विनियम (2) के खण्ड (क) से (ञ) के अनुसार आवेदनपत्र का मूल्यांकन किया जाएगा।

(4) बोर्ड उप-विनियम (3) के मानदण्डों के अनुसार आवेदन की जांच करने के बाद तथा अन्य विनियमों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रथम दृष्टया दृष्टिकोण बना सकता है कि क्या मामले को प्राधिकार देने के संबंध में विचार किया जाना चाहिए।

(5) प्रथम दृष्टया विचार करने के मामले में बोर्ड परियोजना का संक्षिप्त ब्यौरा देते हुए एक राष्ट्रीय और एक स्थानीय भाषा समाचारपत्र (वेब में डालने सहित) में एक सार्वजनिक

सूचना जारी करेगा तथा प्रस्ताव पर किसी व्यक्ति से तीस दिनों के अंदर टिप्पणियां और आपत्तियां, यदि कोई हों, प्राप्त करेगा।

(6) बोर्ड टिप्पणियों और आपत्तियों, यदि कोई हों, की जांच करने के बाद उप-विनियम (5) के अंतर्गत पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए प्राधिकार देने के मामले पर या तो विचार कर सकता है अथवा उसे रद्द कर सकता है।

(7) यदि प्राधिकार प्रदान करने का निर्णय लिया जाता है तो यह अनुसूची घ में दिए गए फार्म के अनुसार होना चाहिए;

(8) आवेदन के रद्द होने की स्थिति में बोर्ड संबंधित पार्टी को उसकी स्थिति को स्पष्ट करने के लिए उचित अवसर प्रदान करने के बाद एक स्पीकिंग आर्डर पारित करेगा तथा विनियम 6 के अनुसार परियोजना के लिए किसी उपयुक्त कंपनी का चयन करने संबंधी आगे कार्रवाई करेगा।

(9) यदि कंपनी को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने का प्राधिकार देने के लिए चयन हो जाता है तो -

(क) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क का निर्धारण संगत विनियमों के अंतर्गत निर्धारित अनुसार होगा;

(ख) कंपनी तकनीकी मानकों और विशिष्टियों, जिसमें सुरक्षा मानक शामिल होंगे, के लिए संगत विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों, विशिष्टियों का पालन करेगी;

(ग) बोर्ड पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण या विस्तार करने के कार्यकलापों में कंपनी द्वारा की स्थापना की अवधि के संदर्भ में की गई वास्तविक प्रगति, परियोजना के डीएफआर में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों, और अधिक समय या लागत लगने से बचने को देखते हुए प्राधिकरण की निबंधन एवं शर्तों, जो पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन शुल्क पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं, की तिमाही आधार पर निगरानी करेगा;

बशर्ते कि पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की स्थापना में किसी विलंब या प्राधिकरण में विनिर्दिष्ट लक्ष्य के बाद किसी लक्ष्य को पूरा करने में हुए किसी विलंब के मामले में बोर्ड को निम्नलिखित कार्रवाई करने का अधिकार होगा कि उप-विनियम (क) में विनिर्दिष्ट अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क को निर्धारित करते समय अधिक समय लगने के कारण अतिरिक्त लागत पर विचार न करे; या

(घ) कंपनी पहुंच संहिता पर संगत विनियमों के अतर्गत प्रावधानों का पालन करेगा और सामान्य वाहक या संविदा वाहक के रूप में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों की घोषणा करेगा;

(ड.) कंपनी पर विनियम 8, 9, 13, 14, 15 और 16 में अंतरनिहित प्रावधान लागू होंगे।

19. **पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए समर्पित पाइपलाइनों से संबंधित प्रावधान**

(1) नियत दिन से पहले वियमान समर्पित पाइपलाइनों के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे, अर्थात् :-

(क) नियत दिन से पहले किसी विशिष्ट ग्राहक को पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन करने के लिए समर्पित पाइपलाइन वाली कंपनी इन विनियमों की अधिसूचना के साठ दिनांक के अंदर बोर्ड को परियोजना की डीएफआर के साथ पाइपलाइन की लंबाई, मार्ग, क्षमता और सेवा प्रदत्त ग्राहकों को ब्यौरा प्रस्तुत करेगी;

(ख) बोर्ड यह पता लगाने के लिए कि क्या ऐसी पाइपलाइन को जन हित में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उतपाद पाइपलाइन में परिवर्तित करने की आवश्यकता है, आम जनता की टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए समर्पित पाइपलाइन का ब्यौरा वेब पर डालेगा;

(ग) बोर्ड प्राप्त टिप्पणियों की जांच के आधार पर कंपनी को संपूर्ण जन हित में ऐसी पाइपलाइन को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उतपाद पाइपलाइन में परिवर्तित करने का निर्देश देगी:

बशर्ते कि कंपनी को अपना मामला प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाए।

(घ) कंपनी बोर्ड को संपूर्ण ब्यौरा और औचित्य सहित अपनी समर्पित पाइपलाइन को पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को परिवर्तित करने के प्रस्ताव को भी प्रस्तुत करेगा और बोर्ड यह पता लगाने के लिए कि क्या ऐसी पाइपलाइन को जनहित में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उतपाद पाइपलाइन में परिवर्तित करने की आवश्यकता है, आम जनता की टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए समर्पित पाइपलाइन का ब्यौरा वेबसाइट पर डालेगा, तथा प्राप्त टिप्पणियों की जांच के आधार पर तथा संपूर्ण जन हित में कंपनी को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवर्तित करने के लिए प्राधिकार जारी करेगा।

(2) नियत दिन के बाद प्रस्तावित पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे, अर्थात् :-

(क) ऐसी कंपनी जो नियत दिन के बाद किसी विशिष्ट ग्राहक न कि पुन: बिक्री के लिए पेट्रोलियम उत्पाद के परिवहन के लिए समर्पित पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के प्रस्तावित प्रारंभण से पहले कम से कम तीस दिनों के

लिए परियोजना की डीएफआर सहित पाइपलाइन लंबाई, मार्ग, क्षमता और सेवा दिए जा रहे ग्राहकों का विवरण प्रस्तुत करेगा;

(ख) बोर्ड यह पता लगाने के लिए कि क्या समर्पित पाइपलाइन की बजाय यह जनता के हित में होगा यदि पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उतपाद पाइपलाइन को बिछाया, निर्माण, प्रचालन या विस्तार किया जाए, की दृष्टि से आम जनता की टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित समर्पित पाइपलाइन का ब्यौरा बेब पर डालेगा।

(ग) यदि प्राप्त टिप्पणियों की जांच के आधार पर बोर्ड का यह मत हो कि समर्पित पाइपलाइन की बजाय पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन जनता की सेवा बेहतर ढंग से कर सकेगी तो बोर्ड कंपनी से सूचना के प्राप्त होने के साठ दिनों के अंदर कंपनी को उपयुक्त सलाह देगा।

(घ) यदि खण्ड (ग) के अंतर्गत बोर्ड से सलाह प्राप्त होने के बावजूद कंपनी अभी भी समर्पित पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के अभिव्यक्ति की रुचि जारी करने का निर्णय ले सकता है:

बशर्ते कि कंपनी द्वारा समर्पित पाइपलाइन का निर्माण करने के साथ-साथ बोर्ड स्व-प्रेरणा के आधार पर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए अभिव्यक्ति की रुचि जारी करने का निर्णय ले सकता है:

लेकिन आगे यह भी कि कंपनी को अपनी समर्पित पाइपलाइन की स्थापना की तारीख से पांच वर्षों की अवधि के लिए अपनी समर्पित पाइपलाइन को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवर्तित करने के लिए बोर्ड को आवेदन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी;

(ड.) बोर्ड नियत तारीख के बाद बिछाई गई, निर्मित, प्रचालित या विस्तार की गई समर्पित पाइपलाइन के संबंध में कंपनी को निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार समर्पित पाइपलाइन को पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवर्तित करने के लिए निर्देश दे सकता है, अर्थात् :-

(i) बोर्ड यह पता लगाने के लिए कि क्या ऐसी पाइपलाइन को जनहित में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवर्तित करने की आवश्यकता है, आम जनता की टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए समर्पित पाइपलाइन का बयौरा वेब पर डालेगा;

(ii) बोर्ड प्राप्त टिप्पणियों की जांच के आधार पर कंपनी को संपूर्ण जनहित में ऐसी पाइपलाइन को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवर्तित करने के लिए निर्देश दे सकता है;

IndiaCode

बशर्ते कि कंपनी को अपना मामला प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाना चाहिए।

(3) यदि उप-विनियम (1) या (2) के अंतर्गत समर्पित पाइपलाइन पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवर्तित की जाती है तो विनियम 18 के उप-विनियम (9) के अंतर्गत प्रावधान लागू होंगे।

20. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन तक पहुंच और इंटर-कनेक्टिविटी

कंपनी पहुंच संहिता का पालन करेगी तथा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों के लिए पहुंच संहिता विनियमों के प्रावधानों के अनुसार अन्य पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों को इंटर कनेक्टिविटी की अनुमति देगी। कंपनी इस उद्देश्य के लिए बोर्ड द्वारा अधिसूचित संबद्ध आचार संहिता का पालन करेगी।

21. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में संशोधन या क्षमता विस्तार या विस्तार के संबंध में प्रावधान

(1) कोई कंपनी जो

i) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में किसी सुधार या क्षमता विस्तार का प्रस्ताव करे, या

ii) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन या उसके किसी खण्ड में प्रचालनों को बंद करने का प्रस्ताव करे, या

iii) किसी नए टैप ऑफ प्वाइंट को जोड़े या किसी मौजूदा टैप ऑफ प्वाइंट को समाप्त करने का प्रस्ताव करे, या

iv) किसी नई कनेक्टिविटी को उपलब्ध कराए या प्राप्त करने वाले टर्मिनल या प्रेषण टर्मिनल के साथ मौजूदा कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव करे।

जिससे पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की स्थापित क्षमता आंशिक या पूर्ण रूप से प्रभावित होने की संभावना हो, इस संबध में बोर्ड से पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा और सभी विवरण, सभी सुविधाओं के नक्शे और ऐसी पाइपलाइनों के लिए पहुंच संहिता की आवश्यकताओं और इन विनियमों के संगत प्रावधानों और इस संबंध में अन्य कोई लागू विनियमों के अनुसार प्रस्तावित संशोधन के लिए औचित्य का पूरा विवरण प्राप्त करेगा।

बशर्ते कि ट्रंक या पारेषण पाइपलाइन की प्राधिकृत लंबाई के 10 प्रतिशत या 50 किलोमीटर लंबाई बढ़ाने, जो भी कम हो, का प्रस्ताव अधिनियम तथा विनियमों के प्रावधानों के अनुसार प्राधिकरण के लिए बोर्ड को प्रस्तुत किया जाएगा:

लेकिन आगे यह भी कि पाइपलाइन के पाइपलाइन प्रशुलक विस्तार के बाद कोई परिवर्तन नहीं होगा और यह मौजूदा ग्राहकों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

IndiaCode

(2) कंपनी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में प्राधिकृत क्षमता का दस प्रतिशत तक विस्तार करेगा और बोर्ड को अपने निर्णय के बारे में तत्काल सूचित करेगा।

बशर्ते कि पाइपलाइन प्रशुल्क विस्तार के बाद पाइपलाइन में कोई अंतर नहीं होगा।

(3) यदि पाइपलाइन की क्षमता का बोर्ड द्वारा प्राधिकृत प्रतिशत की तुलना में दस प्रतिशत से अधिक का विस्तार करने का प्रस्ताव किया जाता है तो कंपनी बोर्ड के विचारार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी और बोर्ड पाइपलाइन द्वारा ग्राहकों को दी जा रही सेवा पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना पाइप का क्षमता विस्तार करने की अनुमति दे सकता है। इसके वितरीय प्रभाव पर पाइपलाइनों के प्रशुल्क पर संगत विनियमों के प्रावधानों के अनुसार प्रशुल्क हेतु अगली समीक्षा अवधि में विचार किया जाएगा।

(4) पाइपलाइन के विस्तार और क्षमता विस्तार के लिए स्व-प्रेरणा प्रस्ताव के मामले में मना करने का पहला अधिकार पाइपलाइन के मालिक का होगा।

(5) बोर्ड यह जांच कर सकता है कि प्रस्ताव उचित व्यापार और कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा के प्रतिकूल न हो, और यह ऐसे प्रस्ताव की प्राप्ति के साठ दिनों की अवधि में प्रस्ताव पर निर्णय देगा।

22. **विविध**

(1) ये विनियम सभी अन्य पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन पर लागू होंगे जिन्हें बोर्ड द्वारा इन विनियमों की अधिसूचना से पहले अनंतिम प्राधिकार प्रदान किया गया है। ये कंपनियां ऐसे प्रस्तावों के लिए इन विनियमों के सभी प्रावधानों का पालन करेगी और इन विनियमों की अधिसूचनाओं से तीस दिनों की अवधि के अंदर ब्यौरा प्रस्तुत करेंगी।

(2) यदि इन विनियमों के किसी प्रावधान की व्याख्या के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

(3) विभिन्न कार्यकलापों के लिए निर्धारित समय-सीमा में बोर्ड द्वारा पारदर्शी ढंग से छूट दी जा सकती है।

अनुसूची क

[विनियम 4(1) और 5(6) देखें]

पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने की इच्छुक कंपनी द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का आवेदन-पत्र

क. केवल वह कंपनी, जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2010 विनियम 5(6) में दिए गए न्यूनतम अर्हता मानदण्डों को पूरा करती है, बोर्ड को रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आवेदन करने की पात्र होगी।

ख. कंपनियों को न्यूनतम अर्हता मानदण्डों को पूरा करने से संबंधित दस्तावेजों को प्रमाण के रूप में अवश्य संलग्न करना चाहिए।

IndiaCode

ग. रुचि की अभिव्यिक्त देने वाली कंपनियां निम्नलिखित सूचना अवश्य दें:

1	सामान्य विवरण
क.	कंपनी का नाम
ख.	फर्म का प्रकार - सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी/निजी लिमिटेड कंपनी/भागीदार कंपनी/प्रोप्राइटरशिप फर्म/अन्य (कृपया उल्लेख करें)
ग.	निगमित होने की तारीख और व्यवसाय शुरू करने की तारीख
घ.	पंजीकृत कार्यालय का पता
ड.	सभी निदेशकों/भागीदारों/प्रोपराइटर का नाम, पता, दूरभाष संख्या, ई-मेल
2.	प्राथमिक तकनीकी आंकड़े
क	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का मूल प्वाइंट और अंतिम प्वाइंट
ख	प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का सांकेतिक मार्ग जो पेट्रोलियम उत्पाद इंजेक्शन प्वाइंट के संभावित स्थल और भौतिक नक्शे पर दर्शाए गए संभावित सुपुर्दगी प्वाइंट को दर्शाएगा।
ग	पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्धता स्थिति
घ	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के मार्ग में पेट्रोलियम उत्पादों की संभावित मांग
ड.	प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवहन के लिए कुल मात्रा का आकलन
च	अन्य कोई विषय जिसे कंपनी द्वारा संगत समझा जाए।
3	डिमांड ड्राफ्ट/पे-आर्डर नं0 <_____> दिनांक <_____> बैंक और शाखा का नाम> से बनवाकर <_____> के आवेदन शुल्क का भुगतान।

दिनांक

स्थान

कंपनी या प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और हस्ताक्षर

कार्यालय मोहर

अनुसूची ख

[विनियम 5(7) देखें]

पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्राधिकार के लिए आवेदन-सह-बोली

सेवा में,

सचिव,
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड
प्रथम तल, विश्व व्यापार केन्द्र,
बाबर लेन, क्नॉट प्लेस,
नई दिल्ली-110 001

विषय: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2010 के अंतर्गत प्रारंभिक स्थल से अंतिम स्थल तक प्रस्तावित मार्ग को दर्शाने वाला नाम> पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के प्राधिकार देने हेतु आवेदन-सह-बोली

(जहां आवश्यक हो सूचना प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त शीट संलग्न करें)

भाग-1 कंपनी का सामान्य विवरण और परियोजना का तकनीकी विवरण (विधिवत चिह्नित, मोहरबंद और एक पृथक लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए)		
1.	कंपनी का विवरण	
क.	कंपनी का नाम	
ख.	कंपनी का प्रकार - सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी/निजी लिमिटेड कंपनी/भागीदार कंपनी/प्रोप्राइटरशिप फर्म/अन्य	
ग.	निगमन की तारीख और व्यवसाय शुरू करने की तारीख	
घ.	पंजीकृत कार्यालय का पता	
ड.	सभी निदेशकों/भागीदारों/प्रोप्राइटरों के नाम, पते, दूरभाष संख्या, ई-मेल पते	
2.	वित्तीय विवरण	
क.	शेयर पूंजी या प्रोप्राइटर की स्वयं की निधियां, जैसा लागू हो।	
ख.	लिए गए ऋण की - राशि, अवधि, अधिस्थगन अवधि, ब्याज की दर और इस ऋण को प्राप्त करने के लिए बंधक या मालबंधक रखी गई परिसम्पत्ति, यदि कोई हो।	
ग.	रिजर्व, यदि कोई हो	
घ.	स्थाई परिसम्पत्ति	
ड.	वर्तमान परिसम्पत्ति	
च.	वर्तमान देयताएं	
छ.	बिक्री कारोबार	
ज.	कर-पश्चात लाभ	
	(पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए लेखा परीक्षित लाभ-हानि खाते और तुलन-पत्र की प्रतियां संलग्न करें)	
3.	कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियां	
क	कंपनी के सभी मौजूदा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का विवरण, यदि कोई हो, इसमें डिजाइन विशिष्टताएं, संस्थापित क्षमता, पूंजी लागत, प्रचालन लागत का वार्षिक विवरण, स्थापना की तारीख, ग्राहक रूपरेखा के विवरण सहित नेटवर्क में गैस की मात्रा का परिवहन, मौजूदा सुविधाओं और भावी योजना का विवरण दर्शाने वाला मानचित्र और डिजाइन, पेट्रोलियम उत्पाद स्रोत, वसूल की जा रही इकाई नेटवर्क की औसत दर, आदि शामिल हैं।	
ख	मौजूदा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों के लिए पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए किया गया मौजूदा समझौते या सहयोग का विवरण।	
ग	पिछले पांच वर्षों से प्रवर्तकों द्वारा किए जा रहे अन्य व्यवसाय, यदि कोई हो, का विवरण।	

IndiaCode

4.	स्वामित्व और सम्बद्धता का विवरण	
क	प्रवर्तकों का विवरण	
ख	कंपनी की सभी सम्बद्ध संस्थाओं का विवरण, जिसमें उनके व्यावसायिक रिश्ते को बताया गया हो।	
ग	कंपनी अपने और अपनी कंपनियों के सभी संबंधित प्रलेखों या दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का वचन देती है।	हां/नहीं
घ	क्या कंपनी, कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत है?	हां/नहीं
ड.	यदि संस्था आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत करते समय कंपनी नहीं है तो प्राधिकार के लिए उसका चयन होने पर वह कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत एक कंपनी निर्माण की घोषणा करती है।	हां/नहीं
च.	प्रोमोटरों की लेटर ऑफ कम्फर्ट के रूप में घोषणा पत्र, जिसमें यह घोषणा की गई हो कि प्राधिकार मिलने की तारीख से तीन महीने के अंदर परियोजना को दिए गए उनके वित्तीय योगदान का निवेश किया जाएगा। प्रोमोटरों के लैटर आफ कम्फर्ट संलग्न करें।	हां/नहीं
5.	प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का तकनीकी विवरण	
क.	प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना का नाम	
ख.	प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का निम्नलिखित ब्यौरे सहित मार्ग, खण्ड-वार लंबाई दर्शाने वाला विस्तृत नक्शा: (क) ब्रांच लाइन (ख) इंटर-कनेक्शन प्वाइंट, यदि कोई हो (ग) प्रस्तावित प्रमुख सुविधाओं का प्रदर्शन जेसे पंप स्टेशन, प्राप्ति टर्मिनल, सुपुर्दगी टर्मिनल, टैप ऑफ प्वाइंट, आदि	
ग.	परियोजना की तकनीकी विशिष्टियां, जिसके साथ संभाव्यता रिपोर्ट की प्रति संलग्न हो।	
घ.	प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों के लिए अभिकल्पित विकास योजना - डिजाइन और संस्थापित क्षमता, तथा प्रचालनों के चरण-वार शुरू होने की तारीख सहित चरण-वार पूंजी व्यय योजनाओं का ब्यौरा।	
ड.	निम्नलिखित के लिए प्रस्तावित योजना (i) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में इंजेक्शन के लिए पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का स्रोत (ii) प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में चरण-वार क्षमता अनुबंध	
च.	क्या प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का डिजाइन बनाने में टी4एस के लिए संगत विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार सुरक्षा मानकों (टी4एस) सहित सभी लागू तकनीकी मानकों, विशिष्टियों का पालन किया गया है? पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराएं।	हां/नहीं

indiacode

छ	**पाइपलाइन की स्थापना से पूर्व आपात प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना विकसित करने की वचनबद्धता।**	हां/नहीं
ज	**क्या परियोजना केन्द्र या राज्य सरकारों से किसी सांविधिक कर से कोई राजसहायता, छूट, आस्थगन या माफी की पात्र हैं? यदि हां, तो कंपनी की वर्ष-वार उपयोग योजना की सूचना देते हुए पूरा विवरण दें।**	हां/नहीं
झ	**विनियम 5*(6)* के अंतर्गत अप्रतिदेय आवेदन शुल्क**	< ____ > रुपए
	डिमांड ड्राफ्ट या पे आर्डर की संख्या और तारीख	
	जारीकर्ता बैंक और शाखा का नाम	
ञ	**बोली बंधपत्र**	< > रु0
	डिमांड ड्राफ्ट या पे आर्डर या बैंक गारंटी की संख्या व दिनांक	
	जारीकर्ता बैंक और शाखा का नाम	

भाग-II:वित्तीय बोली (विधिवत चिह्नित, मोहरबंद और एक अतिरिक्त लिफाफे में प्रस्तुत की जाए) उन्हीं कंपनियों के लिए खोली जाएगी जो विनियम 5(6) के अंतर्गत न्यूनतम योग्यता मानदण्डों को पूरा करती हैं।

क	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए निर्धारित इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली का मौजूदा मूल्य (पीवी) [10 वर्ष की अवधि के लिए बोली लगाने के प्रयोजनार्थ पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क (रुपए/मी.टन)]। बोर्ड दस वर्ष के बाद समीक्षा करेगा और तत्पश्चात् भावी आधार पर पांच वर्ष का ब्लॉक निर्धारित करेगा।	12% की छूट दर का प्रयोग करते हुए "_____" रुपए प्रति मी.टन है। वर्ष-वार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क:- 1 वर्ष: <..... > रु0 प्रति मी.टन 2 वर्ष <..... > रु0 प्रति मी.टन 10 वर्ष: <.....> रु0 प्रति मी.टन
ख	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए परिवर्तन इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली का मौजूदा मूल्य (पीवी) [10 वर्ष की अवधि के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क (रुपए/मी.टन/कि.मी.)]। बोर्ड दस वर्ष के बाद समीक्षा करेगा और तत्पश्चात् भावी आधार पर पांच वर्ष का ब्लॉक निर्धारित करेगा।	12% की छूट दर का प्रयोग करते हुए "_____" रुपए प्रति मी.टन प्रति कि.ग्रा. है। वर्ष-वार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क:- 1 वर्ष: <..... > रु0 प्रति मी.टन प्रति के.एम. 2 वर्ष <..... > रु0 प्रति मी.टन प्रति के.एम. 10 वर्ष: <.....> रु0 प्रति मी.टन प्रति के.एम.

ग	**परियोजना के आर्थिक जीवन काल की तुलना में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवहन के लिए सृजित की जाने वाली प्रस्तावित पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन क्षमता (मिलियन टन प्रति वर्ष) का मौजूदा मूल्य (पीवी) [परियोजना के जीवन काल के प्रत्येक वर्ष के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवहन किए जाने के लिए सृजित पेट्रोलयम उत्पाद पाइपलाइन क्षमता]।**	**12% की छूट दर का प्रयोग करते हुए "_____" मिलियन टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) है।** **वर्ष-वार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क:-** **1 वर्ष:** <..... > **एमएमटीपीए** **2 वर्ष** <..... > **एमएमटीपीए** **25 वर्ष:** <.....> **एमएमटीपीए**

टिप्पणी:

कृपया विनियम 7 के उप-विनियम (3) के उद्देश्य के लिए प्रस्तावित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना के अनुमोदित डीएफआर की एक प्रति संलग्न करें।

indiacode

घोषणा

1. प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त सूचना मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है और इस आवेदन-सह-बोली के साथ संलग्न परिशिष्ट, संलग्नक और गणना शीट में दिए गए आंकड़े और सूचना सही पूर्ण और सत्य हैं और यदि इनमें दिया गया कोई भी विवरण गलत पाया जाता है तो आवेदन-सह-बोली निरस्त कर दी जाएगी, आवेदन-शुल्क और बोली बंधपत्र जब्त कर लिए जाएंगे और मैं/हम अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत कार्रवाई और दण्ड के हकदार होंगे।

2. मैं/हम प्रमाणित करते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा केवल एक ही आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत की गई है जो उपर्युक्त है और पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन मेरे/हमारे द्वारा अलग से कोई भी दूसरा आवेदन-सह-बोली पत्र न तो प्रस्तुत किया गया है और न ही प्रस्तुत किया जा रहा है।

दिनांक :

स्थान :

कंपनी/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और हस्ताक्षर

कार्यालय मोहर

अनुसूची ग

[विनियम 7(4) और विनियम (7) के उप-विनियम (1) के खण्ड (क) से (ग) के अंतर्गत प्रावधान देखें]

पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का प्राधिकार देने हेतु सफल बोली को सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम संयुक्त स्कोर निर्धारित करने के आधार का स्पष्टीकरण

विनियम (7) के उप-विनियम (1) के खण्ड (क) से (ग) के अंतर्गत उल्लिखित बोली मानदण्डों के आधार पर सफल बोली का निर्धारण करने के लिए आइए तीन कंपनियां लेते हैं जिनकी बोलियां की तुलना की जानी है।

(क) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए निर्धारित इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली का न्यूनतम मौजूदा मूल्य (पीवी) [10 वर्ष की अवधि के लिए बोली लगाने के प्रयोजनार्थ पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क (रुपए/मी.टन)]।

देखें,

एफटी1= पहली कंपनी द्वारा दस वर्ष के लिए निर्धारित इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली (रुपए/मी.टन) का मौजूदा मूल्य

एफटी2= दूसरी कंपनी द्वारा दस वर्ष के लिए निर्धारित इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली (रुपए/मी.टन) का मौजूदा मूल्य

एफटी3= तीसरी कंपनी द्वारा दस वर्ष के लिए निर्धारित इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली (रुपए/मी.टन) का मौजूदा मूल्य

मान लीजिए एफटी1, एफटी2 से कम है और एफटी2, एफटी3 से कम है।

पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली (एफटी1) के न्यूनतम वर्तमान मूल्य को 100% का स्कोर दिया जाएगा और बोली की अन्य निर्धारित इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली को यथानुपात आधार पर एलएफटी1 के संबंध में निम्नानुसार स्कोर दिया जाएगा:-

एलएफटी 1 = 100%
एलएफटी 2 = 100% × (एफटी 1 ÷ एफटी 2)
एलएफटी 3 = 100% × (एफटी 1 ÷ एफटी 3)

(ख) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए परिवर्तन इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली का न्यूनतम मौजूदा मूल्य [दस वर्ष की अवधि के लिए बोली लगाने के प्रयोजनार्थ पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क (रुपए/मी.टन/कि.मी.)]।

देखें,

वीटी1= पहली कंपनी द्वारा दस वर्ष के लिए परिवर्तन इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली (रुपए/मी.टन/कि.मी.) का मौजूदा मूल्य

वीटी2= दूसरी कंपनी द्वारा दस वर्ष के लिए परिवर्तन इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली (रुपए/मी.टन/कि.मी.) का मौजूदा मूल्य

वीटी3= तीसरी कंपनी द्वारा दस वर्ष के लिए परिवर्तन इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली (रुपए/मी.टन/कि.मी.) का मौजूदा मूल्य

मान लीजिए वीटी1, वीटी2 से अधिक है और वीटी2, वीटी3 से अधिक है।

पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली (एलवीटी 3) के न्यूनतम परिवर्तन मूल्य को 100% का स्कोर दिया जाएगा और बोली की अन्य परिवर्तनीय इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क बोली को यथानुपात आधार पर एलवीटी3 के संबंध में निम्नानुसार स्कोर दिया जाएगा:-

एलवीटी 1 = 100%×(वीटी3÷वीटी1)
एलवीटी 2 = 100%×(वीटी3÷वीटी2)
एलवीटी 3 = 100%

ग) परियोजना के आर्थिक जीवन काल की तुलना में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवहन के लिए सृजित की जाने वाली प्रस्तावित पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन क्षमता (मिलियन टन प्रति वर्ष) का मौजूदा अधिकतम मूल्य [परियोजना के जीवन काल के प्रत्येक वर्ष के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवहन किए जाने के लिए सृजित पेट्रोलयम उत्पाद पाइपलाइन क्षमता]।

देखें,

सी1= पहली कंपनी द्वारा पच्चीस वर्ष के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बोली (एमएमटीपीए) का मौजूदा मूल्य

सी2= दूसरी कंपनी द्वारा पच्चीस वर्ष के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बोली (एमएमटीपीए) का मौजूदा मूल्य

सी3= तीसरी कंपनी द्वारा पच्चीस वर्ष के लिए पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बोली (एमएमटीपीए) का मौजूदा मूल्य

मान लीजिए सी1, सी2 से कम है और सी2, सी3 से कम है।

पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बोली (एचसी 3) के अधिकतम वर्तमान मूल्य को 100% का स्कोर दिया जाएगा और बोली की अन्य निर्धारित इकाई पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बोली को यथानुपात आधार पर एचसी3 के संबंध में निम्नानुसार स्कोर दिया जाएगा:-

एचसी1 = 100% × (एचसी1 ÷ एचसी3)
एचसी2 = 100% × (एचसी2 ÷ एचसी3)
एचसी3 = 100%

अब तीनों कंपनियों के संयुक्त स्कोर की गणना प्रत्येक बोली मानदण्ड के निर्दिष्ट भार को लेकर की जाएगी जो निम्नानुसार होगी:

कंपनी 1 = 0.50×एलएफटी1 + 0.20×एलवीटी1 + 0.30× एचसी1
कंपनी 2 = 0.50×एलएफटी2 + 0.20×एलवीटी2 + 0.30× एचसी2
कंपनी 3 = 0.50×एलएफटी3 + 0.20×एलवीटी3 + 0.30× एचसी3

जिस कंपनी का संयुक्त स्कोर अधिकतम होगा, उसी को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा।

अनुसूची घ

(विनियम 9 (2) और 18 (7) देखें)

पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए प्राधिकार देना

सेवा में,

<सफल बोलीदाता कंपनी का नाम>
<पता>

विषय: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और विस्तार के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2010 के अंतर्गत <प्रारंभिक स्थल का नाम, गुजरने वाले राज्यों अथवा संघ राज्य-क्षेत्रों का नाम, अंतिम स्थल का नाम> के मार्ग सहित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और विस्तार करने के लिए प्राधिकार देना।

महोदय/महोदया,

पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और विस्तार करने <प्रारंभिक स्थल का नाम, गुजरने वाले राज्यों अथवा संघ राज्य-क्षेत्रों का नाम, अंतिम स्थल का नाम> के मार्ग सहित प्राधिकार देने के लिए आपके आवेदन के संदर्भ में आपको प्राधिकार देने का निर्णय किया गया है जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2010 और निम्नलिखित निबंधन और शर्तों के अध्यधीन होगा:-

1. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और विस्तार करने के मार्ग को संलग्न ड्राईंग [पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के <मूल स्थल का नाम>, <मध्यवर्ती टैप ऑफ और इंटरकनेक्शन स्थल>, <ब्रांच लाइन का नाम> और <अंतिम सुपुर्दगी स्थल का नाम> दर्शाया जाए]।

2. कंपनी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने और विस्तार करने संबंधी कार्यकलाप पूरा करेगी और पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की संलग्न समय अनुसूची और लक्ष्यों के अनुसार स्थापना करेगी। कंपनी को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने की तारीख से छत्तीस माह की अधिकतम अवधि दी जाती है। समयानुसूची में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में कंपनी के सफल न होने पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने और विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2010 के विनियम 16 के

अधीन विनिर्दिष्ट परिणामों का सामना करना पड़ेगा।

3. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की क्षमता <____> मिलियन टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) के बराबर होगी।

4. पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में अतिरिक्त क्षमता विनियम 5 के उप-विनियम (6) के खण्ड (त्र) में विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार <____> एमएमटीपीए के बराबर होगी और खुली पहुंच और गैर-विभेदकारी आधार पर किसी अन्य तीसरी पार्टी द्वारा सामान्य वाहक आधार पर प्रयोग के लिए उपलब्ध होगी।

5. प्राधिकृत कंपनी को परियोजना के लिए धन प्राप्त करने हेतु पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन पुनर्ग्रहणाधिकार अथवा रेहन के लिए बोर्ड से पूर्वानुमोदन प्राप्त करना होगा। तथापि, किसी वित्तीय संस्था अथवा बैंक से धन लेने की स्थिति में संस्था को सात दिनों की अवधि के भीतर निधियों की स्वीकृति के संबंध में बोर्ड को केवल सूचित करना होगा।

6. कंपनी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्रत्येक प्रशुल्क क्षेत्र के लिए अनुमोदित प्रशुल्कों को अपनी वेबसाइट पर डालेगी।

7. कंपनी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2010 के विनियम 9 के अधीन बोर्ड द्वारा जारी प्राधिकार की तारीख से एक सौ बीस दिनों की अवधि के भीतर बोर्ड को एक विस्तृत और स्पष्ट वित्तीय समाप्ति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

8. <____> मिलियन रुपए के निष्पादन बांड को प्रस्तुत करना बोली में प्रस्तुत निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार तथा परियोजना के प्रचालन चरण के दौरान निष्पादन वचनबद्धता को पूरा करने के लिए परियोजना की समय पर स्थापना करने की गारंटी है।

9. कंपनी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनें बिछाने, निर्माण, प्रचालन अथवा विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2010 के विनियम 14 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट सेवा बाध्यताओं तथा विनियम 15 के अंतर्गत सेवा मानकों की गुणवत्ता का पालन करेगी।

10. यदि कंपनी के प्राधिकार को समाप्त कर दिया जाता है तो बोर्ड उन निबंधन और शर्तों, जो वह उचित समझे, पर किसी एजेंसी या अन्य कंपनी को अधिकार और जिम्मेदारियां सौंप सकती है। इसके अलावा, कंपनी को बोर्ड के निर्देशानुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्रचालनों को तब तक बनाए रखना होगा जब तक कि बोर्ड द्वारा नियुक्त कोई अन्य एजेंसी या कंपनी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का पूर्ण नियंत्रण न ले ले।

11. कंपनी निम्नलिखित प्रावधानों का अनुपालन करे :-

(क) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनें बिछाने, निर्माण, प्रचालन अथवा विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2010;

(ख) **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन शुल्क का निर्धारण) विनियम, जब कभी अधिसूचित हो;**

(ग) **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2010 की अनुसूची (त्र) में विनिर्दिष्ट सेवा उत्तरदायित्व।**

(घ) **निम्नलिखित के लिए संगत विनियम -**

(i) सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानक और विशिष्टियां;

(ii) पहुंच संहिता;

(iii) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए क्षमता का निर्धारण:

(iv) संबद्ध आचार संहिता;

(v) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को सामानय वाहक या ठेका वाहक के रूप में घोषणा करना;

(ड.) अन्य कोई लागू विनियम तथा पीएनजीआरबी अधिनयम, 2006 के प्रावधान।

12. कंपनी किसी ऐसी अन्य निबंधन और शर्त का पालन भी करेगी जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर जनहित में अधिसूचित की जाएगी।

आपसे अनुरोध है कि नीचे दी गई जगह में अपनी स्वीकृति की पुष्टि करें और मूल रूप से इसे लौटा दें।

IndiaCode

भवदीय,

हस्ता/-

दिनांक : अधिकारी का नाम और पदनाम

पीएनजीआरबी की ओर से

कार्यालय की मुहर

<u>प्राधिकार स्वीकार करना</u>

मैं/हम दिनांक----------के पत्र सं0---------- के तहत बोर्ड द्वारा जारी किए गए प्राधिकार पत्र को स्वीकार करता हूं/करते हैं और उन सभी निबंधन और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत हूं/हैं जिसके अधीन मुझे/हमें <_____> राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र <_____> में मूल स्थल <_____> से लेकर राज्य या संघ शासित क्षेत्र में अंतिम स्थल <_____> में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन अथवा विस्तार करने के लिए प्राधिकार दिया गया है।

दिनांक :

स्थान :

कंपनी /प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

नाम और कार्यालय की मुहर

अनुसूची- ड.

(विनियम 13 (1) देखें)

प्राधिकृत कंपनी द्वारा तिमाही आधार पर डेटा प्रस्तुत करना

(क) निम्नलिखित रूप में कंपनी द्वारा प्रस्तुत की जाने वाले अपेक्षित डेटा/सूचना का बोर्ड द्वारा निम्नलिखित के आधार पर विश्लेषण किया जाएगा:-

(1) कंपनी द्वारा की गई वास्तविक प्रगति तथा डीएफआर में निर्धारित भौतिक और वित्तीय लक्ष्य की तुलना में परियोजना की स्थापना करना; और

(2) बोली में प्रतिबद्ध मात्रा की तुलना में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवहन किए गए पेट्रोलियम उत्पाद का वास्तविक मूल्य।

(ख) प्रगति मॉनीटरिंग बोर्ड द्वारा तिमाही आधार पर की जाएगी और कमी तथा अंतर, यदि कोई हों की सूचना तुरंत समाधान के लिए भेजी जाएगी। सूचनावधि के भीतर वार्षिक तौर पर प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में किसी विलंब के मामले में अथवा बार-बार उल्लंघन करने के मामले में कंपनी को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नेटवर्क बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने अथवा नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2010 के विनियम 16 के अधीन विनिर्दिष्ट परिणाम भुगतने होंगे।

क	प्राधिकृत कंपनी का नाम		
ख	परियोजना का नाम		
ग	प्राधिकार देने की तारीख		
घ	प्रचालन शुरू करने की तारीख		
ड.	कंपनी के स्वामित्व के गठन का विवरण (कृपया अंतरों का विवरण दें यदि प्राधिकार की तारीख से कोई हुआ हो)		
	सूचना/डेटा	तिमाही के लिए	वर्ष के लिए संचयी
च	वित्तीय ब्यौरा (मिलियन रुपए में)		
1	पूंजीगत निवेश		
	(क) <u>स्थायी परिसंपतियां</u>		
	अथशेष		
	प्रत्यक्ष जमा		
	पूंजी कार्य प्रगति (सीडब्ल्यूआईपी) से अंतरण		
	लोप, यदि कोई हो		

	अंतशेष		
	(ख) सीडब्ल्यूआईपी		
	अथशेष		
	जमा		
	नियत परिसंपत्तियों से अंतरण		
	लोप, यदि कोई हो,		
	अंतशेष		
2	प्रचालन खर्च (पाइपलाइन की स्थापना के बाद)		
	(क) उपभोज्य तथा रसायन		
	(ख) सुविधाएं- बिजली और ईंधन		
	(ग) वेतन		
	(घ) मरम्मत और अनुरक्षण		
	(ड.) सामान्य प्रशासन खर्च		
	(च) बीमा		
	(छ) कोई अन्य खर्च (विवरण दें)		
3	वित्तीय खर्च		
	(क) कार्यपूंजी ऋणों पर ब्याज (डब्ल्यूसीबी)		
	(ख) आवधिक ऋणों पर ब्याज		
4	मूल्य ह्रास		
5	अर्जित राजस्व (पाइपलाइन की स्थापना के बाद)		
	(क) पेट्रोलियम उत्पाद परिवहन		
	(ख) पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन		
	(ग) अन्य आय - ब्याज आदि		
6	ऋणों की स्थिति		
	(क) आवधिक ऋण और कार्य पूंजी ऋण		
	शुरू किए गए		
	जोड़े गए		
	पुनर्भुगतान किए गए		
	बंद		
	(प्रत्येक ऋण का विवरण दें- ब्याज की दर, ऋण स्थगन, अवधि, शर्तें आदि)		

IndiaCode

ज	भौतिक विवरण		
1	(क) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में परिवहन की गई मात्रा (ख) बोली और डीएफआर में उल्लिखित वचनबद्ध मात्रा (ग) कारणों सहित (क) बनाम (ख) में भिन्नता (घ) प्रत्येक सुपुर्दगी स्थल में ग्राहक-वार दी गई मात्रा		
2	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की लम्बाई (किलोमीटर में)		
	(क) गत तिमाही तक		
	(ख) वर्तमान तिमाही में बिछाई गई और निर्मित		
	(ग) तिमाही के अंत में लंबाई		
	(बाहरी व्यास और दबाव दर-वार उपलब्ध कराया गया ब्यौरा)		
3	पंपिंग स्टेशनों, मध्यवर्ती सुपुर्दगी स्टेशनों, टीओपी आदि की संख्या		
	(क) गत तिमाही तक		
	(ख) वर्तमान में जोड़ी गई		
	(ग) आज की तारीख तक कुल		
4	परियोजना पूर्ण स्थिति - वास्तविक उपलब्धि बनाम अनुमोदित अनुसूची के अनुसार (% में)		
	(प्राधिकार प्रदान करने की अनुमोदित अनुसूची के अनुसार प्रत्येक लक्ष्य का ब्यौरा और इसके अपवर्तन के कारण, यदि कोई हों, उपलब्ध कराएं)।		
5	कोई अन्य सूचना/आंकड़े जो बोर्ड द्वारा निर्धारित किए गए हों अथवा कंपनी द्वारा संगत समझी गए हों।		

दिनांक :

स्थान :

कंपनी अथवा प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

नाम और मुहर

टिप्पणी :

उपर्युक्त फॉर्म में सूचना और डेटा सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।

IndiaCode

अनुसूची-च
(विनियम 15 (1) देखें)
सेवा मानकों की गुणवत्ता

सामान्य

सेवा मानकों की गुणवत्ता विनिर्दिष्ट करने का उद्देश्य उपभोक्ताओं पर अन्य कंपनियों को प्रदान की जाने वाली सेवा के संदर्भ में पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उतपाद पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण करने, प्रचालित करने और उसका विस्तार करने में कंपनी से अपेक्षित निष्पादन न्यूनतम स्तर को विनिर्दिष्ट करना है। कंपनी सेवा मानकों की गुणवत्ता, उपभोक्ताओं और अन्य फर्मों जैसे पणधारियों के साथ संतोषपूर्ण तरीके से कार्य करने में समर्थ हो, से कतिपय न्यूनतम उत्तरदायित्वों को सही तरीके से पूरा करने की उम्मीद की जाती है। जहां प्राधिकृत कंपनी को सेवा मानकों की गुणवत्ता को अनिवार्य रूप से बनाए रखना होगा वहां इसे उपभोक्ताओं और अन्य फर्मों द्वारा अपेक्षित न्यूनतम उत्तरदायित्वों का व्यापक विज्ञापन करना होगा और उसे उचित तौर पर संविदाओं में अंतर्विष्ट करना होगा। सेवा मानकों की गुणवत्ता नीचे दी गई है :-

1. तंत्र अनुरक्षण और उपभोक्ता वर्गीकरण

(1) कंपनी का उत्तरदायित्व :

(क) प्राधिकार प्राप्त करने के बाद कंपनी आम जनता की सूचना के लिए प्राधिकृत मार्ग के अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण करने, प्रचालित करने और उसका विस्तार करने की अपनी योजना को समाचार-पत्र में और अपनी सरकारी वेबसाइट में प्रकाशित करेगी।

(ख) संगत विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट सुरक्षा मानकों समेत तकनीकी मानकों, विनिर्देशनों के अनुसार तंत्र का अनुरक्षण सुनिश्चित करना।

(ग) आपूर्तियों में बाधा आने पर यह सुनिश्चित करना कि पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में लाइन पैक मात्रा के प्रयोग के लिए पहली प्राथमिकता दी जाएगी।

उपभोक्ताओं के साथ संविदाओं में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्तियों में रुकावट के संबंध में एक विशिष्ट खण्ड होना चाहिए;

(घ) सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विनिर्देशनों हेतु संगत विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट सुरक्षा मानकों समेत तकनीकी मानकों, विनिर्देशनों के अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को प्राकृतिक गैस की

IndiaCode

गुणवत्ता को बनाए रखना।

(2) **उपभोक्ताओं का उत्तरदायित्व:**

(क) **परिसर के भीतर फर्म द्वारा उपलब्ध कराए गए उपस्कर और सुविधाएं, यदि कोई हों, की सुरक्षा सुनिश्चित करना;**

2. **मीटरिंग और बिलिंग**

कंपनी का उत्तरदायित्व:

(क) पेट्रोलियम उत्पादों की सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार;

(ख) ठेके की निबंधन और शर्तों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए सही बिलिंग सुनिश्चित करना जिसमें लागू पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क को दर्शाया जाए। इस बिल के साथ ग्राहक का नाम और पता, क्रम संख्या, मात्रा, कर/शुल्क, यदि कोई हो, राशि, निर्धारित तारीख, आदि का ब्यौरा होना चाहिए।

3. **पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में बाधाएं**

कंपनी का उत्तरदायित्व:

(क) नियोजित अनुरक्षण के लिए उपभोक्ताओं को समय नोटिस देना;
(ख) बाधा आने पर शीघ्रातिशीघ्र नेटवर्क को बहाल करना सुनिश्चित करना; और
(ग) अनियोजित नेटवर्क बाधाओं से तुरंत मुक्ति सुनिश्चित करना;

4. **आपातकालीन स्थिति से निपटना :**

(1) कंपनी का उत्तरदायित्व :

(क) आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए निम्नानुसार एक योजना सुनिश्चित करें -

(i) पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्थानीय प्रशासन और अस्पतालों के साथ तालमेल बनाकर आपातकालीन स्थितियों का मुकाबला करें;
(ii) आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आपातकालीन कक्ष में चौबीसों घंटे सातों दिन एक व्यक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित करें;
(iii) आपातकालीन स्थितियों में व्यक्तियों की अलग-अलग भूमिकाएं बताते हुए एक स्पष्ट उत्तरदायित्व चार्ट बनाएं;

(ख) आपदा प्रबंधन योजना की उपलब्धता सुनिश्चित करें जिसकी एक प्रति बोर्ड तथा स्थानीय प्रशासन और उस क्षेत्र की राज्य सरकार, जहां से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन गुजर रही है, को उपलब्ध कराई जाए।

IndiaCode

(2) **उपभोक्ता का उत्तरदायित्व :**

(क) किसी ज्यादा खतरनाक स्थिति के बारे में यथाशीघ्र कंपनी सूचित करें;

(ख) आपातकालीन स्थिति पर काबू पाने के लिए, यदि अपेक्षित हो, कंपनी के कार्मिक की सहायता करें।

5. **डेटाबेस का अनुरक्षण**

कंपनी का उत्तरदायित्व :

बोर्ड की डेटा आवश्यकताओं और प्राप्त हुई उपभोक्ताओं की शिकायतों तथा उस पर की गई कार्रवाई के रिकॉर्ड के प्रबंधन के लिए एक विश्वसनीय डेटाबेस प्रबंधन तंत्र बनाना।

अनुसूची-छ

[विनियम 16(1) (घ) देखें]

पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्राधिकार की समाप्ति की प्रक्रिया

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम, 2010 के विनियम 16 के उपबंधों के अनुसार कंपनी द्वारा चूक करने पर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने हेतु कंपनी के प्राधिकार को समाप्त करने की प्रक्रिया इस प्रकार है -

1. बोर्ड द्वारा प्राधिकार को समाप्त करने का अनुमोदन देने पर कंपनी द्वारा नोटिस की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों की अवधि के अंदर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन निवेश, देयताओं में चल रहे क्रियाकलापों का विस्तृत विवरण और ऐसी अन्य सूचना, जो बोर्ड द्वारा निर्देशित हो, प्रस्तुत करनी होगी;
2. कंपनी को तब तक उसी स्तर पर पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का प्रचालन जारी रखना होगा जब तक कि बोर्ड के निर्णयानुसार अन्य एजेंसी अथवा कंपनी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का पूरा नियंत्रण अपने हाथ में न ले लें। बोर्ड के पास पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्रबंधन और प्रचालन के लिए किसी अन्य एजेंसी अथवा फर्म को उस समयावधि तक और उन शर्तों और निबंधनों पर नियुक्त करने का अधिकार होगा, जिन्हें यह उपयुक्त समझे;
3. बोर्ड, एक विज्ञापन जारी करने के माध्यम सहित किसी ऐसे तरीकों, जिसे वह उपयुक्त समझे, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के प्रबंधन और प्रचालन का कार्य अपने हाथ में लेने की इच्छुक कंपनियो से बोलियॉ अथवा अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित कर सकता है;
4. अभिरुचि की अभिव्यक्ति अथवा बोलियों, जैसा भी मामला हो, प्राप्त होने पर बोर्ड मूल्यांकन और उसके पश्चात् प्राधिकार देने संबंधी प्रक्रिया पर उपयुक्त विचार कर सकता है और दोषी कंपनी से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का प्रचालन अपने हाथ में लेने के लिए कंपनी का चयन कर सकता है;
5. दोषी कंपनी को किसी ऐसे दायित्व, जो उसके पिछले कार्यों के कारण बाद में सामने आएं, के लिए नई प्राधिकृत कंपनी को क्षतिपूर्ति करने का वचनपत्र देना होगा।

अनुसूची - ज

(विनियम 17(1) देखें)

निर्धारित दिन से पूर्व केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सूचना

सेवा में
सचिव,
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड,
पहला तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर,
बाबर रोड,
नई दिल्ली - 110 001

विषय: <मूल स्थल> से <अंतिम सुपुर्दगी स्थल> तक पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के संबंध में सूचना

(सूचना प्रदान करने हेतु यदि आवश्यक हो, अलग शीट संलग्न करें)

भाग-1 - कंपनी और पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना का सामान्य, तकनीकी और वित्तीय विवरण		
1.	कंपनी का ब्यौरा	
क	कंपनी का नाम	
ख	फर्म का प्रकार - पब्लिक लिमिटेड कंपनी/निजी लिमिटेड कंपनी/साझेदारी फर्म/प्रोपराइटरशिप फर्म साझेदारी दस्तावेज, आदि अन्य (कृपया स्पष्ट करें) (संगम-ज्ञापन/भागीदारी विलेख, आदि की प्रति संलग्न करें।	
ग	निगमन की तिथि और व्यवसाय शुरू करने की तिथि	
घ	पंजीकृत कार्यालय का पता	
ड.	सभी निदेशकों/साझीदारों/प्रोपराइटर के नाम, पते, टेलिफोन नम्बर, ई-मेल पते (कृपया एसटीडी कोड और पिन कोड साइन पूरा विवरण दें)।	
च.	निर्धारित दिन से पहले पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन अथवा उसका विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा दिए गए प्राधिकार का ब्यौरा। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराने हेतु उपयुक्त समझे जाने वाले अनापत्ति प्रमाण-पत्रों,	

IndiaCode

	अनुमतियों, आदि का विवरण। (प्राधिकारी और अन्य दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न की जाए) ।	
2.	वित्तीय ब्यौरा	
क	शेयर पूंजी/स्वामी की अपनी निधियां	
ख	ऋण-राशि, अवधि, ऋण स्थगन अवधि, ब्याज दर, किससे लिया और उसे प्राप्त करने के लिए रहन रखी गई परिसंपत्ति (यदि कोई हो)।	
ग	रिजर्व, यदि कोई हो	
घ.	स्थायी परिसंपत्ति	
ड.	वर्तमान परिसंपत्ति	
च.	वर्तमान देयताएं	
छ	बिक्री कारोबार	
ज	कर पश्चात् लाभ	
	(पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लेखा-परीक्षित लाभ और हानि लेखाओं और तुलन-पत्रों की प्रतियां) - यदि कंपनी एक सहायक कंपनी है तो मूल कंपनी के गत तीन वित्तीय वर्षों के लेखा-परीक्षित लाभ और हानि लेखाओं और तुलन-पत्रों की प्रतियां संलग्न की जाएं।	
3	फर्म की व्यावसायिक गतिविधियां	
क	संस्थापन वर्ष के साथ परिसंपत्तियों की मूल लागत और डब्ल्यूडीवी परिसंपत्ति, पेट्रोलियम और गत तीन वर्षों के दौरान पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क आदि।	
ख.	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए किसी अन्य कंपनी के साथ किए गए तकनीकी अथवा प्रचालनात्मक सहयोग अथवा करार का ब्यौरा।	
ग	किसी अन्य व्यवसाय, यदि कोई हो, का विवरण जो प्रवर्तक द्वारा गत तीन वर्षों से चलाया जा रहा हो।	
4	स्वामित्व और संबद्धता विवरण	
क	प्रवर्तकों का विवरण	
ख	व्यावसायिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कंपनी से	

IndiaCode

	संबंध संस्थाओं का विवरण।	
ग	कंपनी अपने और अपनी संबंधित कंपनियों के सभी संगत रिकार्ड और दस्तावेज बोई मांग पर प्रस्तुत करने का वचन देती है।	हां/नहीं
घ.	कंपनी संबद्ध आचार संहिता के लिए संगत विनियमों का पालन काने का वचन देती है।	हां/नहीं
ड.	क्या फर्म कंपनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत एक निगमित निकाय है?	हां/नहीं
च	क्या फर्म कपंनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी द्वारा विकसित हो?	हां/नहीं
छ	(यदि यहां सूचना देते समय फर्म एक निगमित निकाय नहीं है) तो क्या प्राधिकार प्राप्त करने पर फर्म कंपनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत एक कंपनी बनाने का वचन देती है।	हां/नहीं
5	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का तकनीकी ब्यौरा	
क	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का नाम	
ख	पेट्रोलियम उत्पादों के लिए सभी ब्रांच लाइनों, प्रवेश और निकासी स्थलों पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में इंटर-कनेक्टिविटी के मौजूदा और प्रस्तावित स्थलों के ब्यौरे सहित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के मार्ग, खण्ड-वार लंबाई दर्शाने वाला भौतिक नक्शा।	
ग	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में अवसंरचना की तकनीकी विशिष्टियां। <u>टिप्पणी:</u> (क) निवेश के लिए प्रबंधन के अनुमोदन सहित डीएफआर की प्रति संलग्न करें, और (ख) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की क्षमता, डिजाइन, दबाव, दर, व्यास, मोटाई, श्रेणी, आदि, पाइपलाइन जंग संरक्षण व्यवस्था, मेन ब्लॉक वाल्वों, पृथक्करण वाल्वों, आपातकालीन शटडाउन वाल्व, मीटर व्यवस्था, एमएलपीयू, मध्यवर्ती और सुपुर्दगी स्टेशन, तकनीकी मानक और विशिष्टियों का पूरा ब्यौरा	

IndiaCode

	उपलब्ध कराएं जिसमें सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा हो।	
घ.	**पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना के लिए परिकल्पित विकास योजना - क्षमता बढ़ाने के लिए चरणबद्ध योजनाओं तथा पूंजीगत व्यय के ब्यौरे सहित पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का डिजाइन और स्थापित क्षमता उपलब्ध कराएं।**	
ड.	क्या कंपनी ने नियत दिन को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए अपेक्षित अधिकार प्राप्त कर लिया है? टिप्पणी: (क) यदि उत्तर नहीं है तो कृपया विशेष कारण बताएं। (ख) यदि हां, तो दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध कराया जाए।	हां/नहीं
च	कंपनी द्वारा वास्तव में प्राप्त वर्ष-वार प्रगति: (i) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में वास्तविक आधारभूत ढांचे का सृजन उपलब्ध कराया जाए; (ii) शीर्ष-वार सृजित नियत परिसंपत्ति का मूल्य और नियत दिन तक सृजित आधारभूत ढांचे से संबंधित पूंजीकृत कार्य प्रगति; और (iii) परियोजना की डीएफआर तथा प्राधिकरण की निबंधन और शर्तों में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों में उल्लिखित अनुसार स्तर के साथ उप-खण्ड (i) और (ii) की तुलना। इसका उद्देश्य अधिक समय और लागत लगने से बचना है, जो पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन प्रशुल्क पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। टिप्पणी: (क) शीर्ष-वार सृजित परिसंपत्तियों तथा बही खातों में नियत परिसंपत्तियों के रूप में प्रदर्शित	समय-अनुसूची तथा डीएफआर में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों के संदर्भ में कार्यकलाप-वार सूचित प्रतिशत पूरा होना।

IndiaCode

	परिसंपत्तियों का दस्तावेजी प्रमाण संलग्न किया जाए। (ख) पूंजीगत कार्य प्रगति के संबंध में पूर्णता चरण दर्शाया जाए और उसकी डीएफआर में दर्शाए अनुसार तुलना की जाए। (ग) कंपनी द्वारा वास्तव में की गई वित्तीय प्रतिबद्धता का ब्यौरा दिया जाए और उससे दस्तावेजी प्रमाण को अलग से दर्शाया जाए। (घ) कृपया डीएफआर में विनिर्दिष्ट अनुसार पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण, प्रचालन और विस्तार करने के कार्यकलापों की समय-अनुसूची और विशिष्ट लक्ष्यों को पूरा करने में कमी, यदि कोई हो, के विशिष्ट कारण बताएं।	
छ	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन के लिए पेट्रोलियम उत्पादों के स्रोत हेतु कंपनी द्वारा की गई व्यवस्था का पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराया जाए। यदि कंपनी ने कोई सुदृढ़ क्षमता समझौता प्राप्त किया है तो उस व्यवस्था की प्रतियां संलग्न की जाएं।	
ज	i) पिछले तीन वर्षों के दौरान पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन में वास्तव में परिवहन किए गए पेट्रोलियम उत्पादों की क्षमता उपयोग सहित मात्रा; ii) डीएफआर में अनुमोनों की तुलना में परिवहन की गई वास्तविक मात्रा में भिन्नता के कारण; iii) परियोजना के शेष आर्थिक जीवन काल के दौरान वार्षिक आधार पर परिवहन और बिक्री किए जाने वाले प्रस्तावित पेट्रोलियम उत्पादों की मात्रा। टिप्पणी: (क) मात्रा एमएमटीपीए या टीएमटी में दर्शाई जाए। (ख) प्रत्येक प्रशुल्क क्षेत्र के लिए टीओपी-वार, ग्राहक-वार उपलब्ध कराई जाने वाली वास्तविक मात्रा। (ग) कंपनी द्वारा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद	

IndiaCode

	पाइपलाइन के लिए क्षमता समझौता सुनिश्चित करने संबंधी करार का ब्यौरा स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए। (घ) सुनिश्चित क्षमता समझौता करने के मामले में करार की प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं।	
झ	क्या पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, विस्तार या प्रचालन का डिजाइन तैयार करते समय बोर्ड द्वारा अधिसूचित अनुसार सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों, विशिष्टियों पर विचार और उनका अनुपालन किया गया है? कृपया ब्यौरा दें।	हां/नहीं
ञ	कंपनी द्वारा पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना पर लागू अनुसार केन्द्रीय और राज्य सरकारें तथा अन्य सांविधिक प्राधिकारियों से प्राप्त सभी आवश्यक सांविधिक अनुमोदन, अनुमतियां और प्रमाण-पत्र की प्रतियां उपलब्ध कराएं।	
ट.	आपातकाल प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना की प्रति संलग्न करें।	
ठ	क्या परियोजना किसी राजसहायता या किसी छूट या आस्थगन या राज्य/केन्द्र सरकार से आयकर सहित किसी सांविधिक शुल्क में छूट के लिए पात्र है? यदि हां, तो कंपनी के वर्ष-वार उपयोग प्रमाण दर्शाते हुए पूर्ण ब्यौरा दें।	हां/नहीं
भाग-।। - कंपनी द्वारा संमत समझी गई कोई अन्य प्रस्तुति		
टिप्पणी: बोर्ड तिमाही आधार पर कंपनी के लिए निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में कंपनी द्वारा वास्तव में की गई प्रगति की निगरानी करेगा और किसी अपवर्तन या कमी, जो अनुसूची घ में सूचित अनुसार ढंग से वार्षिक आधार पर निर्धारित किए जाने होते हैं, पर आगे कार्रवाई करेगा।		

घोषणा

1. प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना मेरी/हमारी पूरी जानकारी तथा विश्वास से सही है और इस आवेदन के साथ अनुबन्ध तथा विवरण के रूप में दी गई सूचना सही, पूर्ण और सच्चाई से वर्णित हैं और यदि इसमें दिया गया कोई विवरण असत्य पाया जाता, तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा, तो मैं/हम इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई किए जाने और दण्ड दिए जाने के उत्तरदायी हूँगा/होंगे।

IndiaCode

2. मैं/हम बोर्ड द्वारा अपेक्षित अतिरिक्त सूचना या आंकड़े निर्धारित समय में उपलब्ध कराने का भी वचन देता हूँ/देते हैं।

तारीख: प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और हस्ताक्षर

स्थान: आधिकारिक सील

अनुसूची झ

[देखें विनियम 18 (1)]

कंपनियां, जो केन्द्र सरकार द्वारा प्राधिकृत नहीं है, को पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन हेतु प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदन

सेवा में,

सचिव,

पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड,

प्रथम तल, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर,

बाबर लेन, कनॉट प्लेस,

नई दिल्ली-110001

विषय : पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन <नाम> <मूल स्थल> से <अंतिम ऑफ-टेक/सुपुर्दगी प्वाइंट> तक प्राधिकरण प्रदान करने के आवेदन

(आवेदन सूचना प्रदान करने के लिए जहां-कहीं जरूरी हो, पृथक शीट लगाएं)

भाग-I -	कंपनी और पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परियोजना का सामान्य, तकनीकी और वित्तीय ब्यौरा	
1.	कंपनी का ब्यौरा	
क.	कंपनी का नाम	
ख.	फर्म का प्रकार - सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी/निजी लिमिटेड कम्पनी/सहभागिता फर्म/स्वामित्व वाली फर्म/अन्य (कृपया उल्लेख करें) (साझेदारी के नियमों, सहभागिता विलेख, आदि की प्रति संलग्न करें)	
ग.	संस्थापन की तारीख और कारोबार आरम्भ करने की तारीख	
घ.	पंजीकृत कार्यालय का पता	
ड.	सभी निदेशकों/साझेदारों/प्रोपराइटर के नाम, पते, दूरभाष संख्या, ई-मेल आईडी (कृपया एसटीडी कोड और पिन कोड सहित पूरा ब्यौरा दें)	
2	विनियम 18 के उप-विनियम (2) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार पात्रता मानदण्ड के समर्थन में कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सूचना और आंकड़े।	
क	विनियम 5 (6) (क) के अंतर्गत अप्रतिदेय आवेदन शुल्क	रुपए <_____>
	डिमांड ड्राफ्ट या पे आर्डर	
	डिमांड ड्राफ्ट या पे आर्डर संख्या और तारीख	

IndiaCode

	जारी करने वाले बैंक और शाखा का नाम	
ख	कंपनी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाने और निर्माण करने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम है।	
	विनियम 5 (6) (ख), (i) से (iv) के अंतर्गत अर्हक मानदण्ड के अनुसार कंपनी की तकनीकी क्षमता के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न किए जाएं।	
ग	कंपनी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का प्रचालन और रखरखाव करने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम है।	
	विनियम 5 (6) (ग), (i) से (iv) के अंतर्गत अर्हक मानदण्ड के अनुसार कंपनी की तकनीकी क्षमता के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न किए जाएं।	
घ	कंपनी सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों का पालन करने की सहमति देती है।	हां/नहीं
ड.	कंपनी के पास पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का कार्यान्वयन, प्रचालन और उसका रखरखाव करने के लिए पर्याप्त वित्तीय व्यवस्था है और वह विनियम 5(6) (ड.) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार न्यूनतम संयुक्त निवल मूल्य के वित्तीय मानदण्ड को पूरा करता है। टिप्पणी: सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत प्रमाणित न्यूनतम संयुक्त निवल मूल्य की गणना के समर्थन में सभी दस्तावेज संलग्न किए जाएं।	
